


अलाईव न्यूज

# ALIVE NEWS


Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!




Vol. 14 Issue No. 16 Faridabad (NCR) | Tuesday, 16-30 September 2025 | Rate : 5 /- | RNI No. : HARBIL/2012/45536 | Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/24-26 | Page : 8

## सप्तम मां कालरात्रि



मां के सप्तम रूप का नाम है माँ कालरात्रि। यह मां का अति भयावह व उग्र रूप है। सम्पूर्ण सृष्टि में इस रूप से अधिक भयावह और कोई दूसरा नहीं। किन्तु तब भी यह रूप मातृत्व को समर्पित है। देवी मां का यह रूप ज्ञान और वैराग्य प्रदान करता है।

# भारत के अनंत शस्त्र ने उड़ाई दुश्मन देशों की नींद

### भारतीय सेना ने जारी किया टेंडर, गजब की हैं खासियतें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेना ने स्वदेशी अनंत शस्त्र क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम की तीन रेजीमेंट्स की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसकी लागत लगभग 30 हजार करोड़ रुपये है। इस सिस्टम को डीआरडीओ ने तैयार किया है, जो 30 किलोमीटर से अधिक दूरी पर विमानों, हमलावर हेलीकॉप्टरों, ड्रोनों, रॉकेटों और मिसाइलों का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर सकता है। सेना ने इसी हफ्ते इसके लिए टेंडर जारी किया। पाकिस्तान के साथ मई 7 से 10 तक सीमा पर चली तनातनी के बाद यह कदम उठाया गया है। ऐसे में इसे रक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। अनंत शस्त्र क्यूआरएसएएम सिस्टम को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारत डायनामिक्स जैसे रक्षा पीएसयू के सहयोग से बनाया जाएगा। इस प्रणाली में 360 डिग्री रडार, जैमिंग शील्ड, मोबाइल लॉन्चर और ऑल-वेदर ट्रैकिंग सिस्टम शामिल हैं, जो 8×8 उच्च गतिशील वाहनों पर स्थापित हैं। यह सिस्टम टैंकों, पैदल सेना के युद्धक वाहनों को हवाई हमलों से सुरक्षा देगा।



# बेटियां हर जगह लहरा रही हैं परचम

- मन की बात में पीएम मोदी ने सुनाई बहादुर बेटियों की कहानी

### कहा-2 अक्टूबर को खादी सामान जरूर खरीदें, गर्व से कहें ये स्वदेशी हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी-शक्ति का उत्सव मनाते हैं। व्यापार से लेकर खेल तक और शिक्षा से लेकर विज्ञान तक आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए, देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रहीं है। आज वे ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है। पीएम मोदी ने कहा, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है। गांधी जी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया और इनमें खादी सबसे प्रमुख थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद खादी की रौनक कुछ फीकी पड़ती जा रही थी, लेकिन बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ा है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी सामान जरूर खरीदें और गर्व से कहें ये स्वदेशी हैं। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, छठ पूजा ऐसा एक पावन पर्व है जो दीवाली के बाद आता है। इसमें हम डूबते सूर्य को भी अर्ध्य देते हैं, उनकी आराधना करते हैं। आज ये एक वैश्विक उत्सव बन रहा है। भारत सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल कराएगी।

### लता मंगेशकर को पीएम मोदी ने किया याद

पीएम मोदी ने कहा, आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है।



उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन गीतों ने लोगों को बहुत प्रेरित किया। भारत की संस्कृति से भी उनका गहरा जुड़ाव था। मैं लता दीदी के लिए हृदय से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूटकर भरी थी। उन्होंने कहा, भगत सिंह लोगों की पीड़ा के प्रति भी बहुत संवेदनशील थे और उनकी मदद में हमेशा आगे रहते थे। मैं शहीद भगत सिंह को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# दिल्ली एयरपोर्ट और अन्य संस्थानों को मिली धमकी

- बम से उड़ाने का भेजा ईमेल संदेश, जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एयरपोर्ट, स्कूलों और कई अन्य संस्थानों को एक बार फिर से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली पुलिस को इस मामले में धमकी भरा ईमेल भेजा गया है। जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि इसस पहले भी कई बार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि, हर बार यह ईमेल और कॉल अफवाह साबित हुई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि नोएडा स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और कुतुब मीनार के पास स्थित सर्वोदय विद्यालय सहित दिल्ली के दो स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले थे, जो कि बाद में अफवाह निकला। वहीं एक अधिकारी ने




समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि पुलिस दल, दमकलकर्मी और बम निरोधक इकाइयों को तुरंत प्रभावित स्कूलों में तैनात किया गया ताकि उचित तलाशी अभियान चलाया जा सके। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इस बीच, जम्मू एयरपोर्ट पर भी रविवार को बम की धमकी मिली। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी एयरलाइनर को बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद हवाई अड्डे पर पूरी तरह से जांच के घेरे में ले लिया गया। हालांकि, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और पुलिस द्वारा की गई गहन तलाशी के दौरान हवाई यातायात प्रभावित हुए बिना कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि आज सुबह एक निजी एयरलाइनर को एक ईमेल मिला था, और उसके अनुसार, किसी भी विस्फोटक पदार्थ की मौजूदगी की संभावना को खारिज करने के लिए ऐसी स्थितियों में सुरक्षा अभ्यास किया गया। यह ईमेल एक अफवाह साबित हुआ।

**करूर भागदड़ हादसा**

# चप्पलों के ढेर और टूटे खंभे बयां कर रहे लोगों का दर्द

- हैरान कर रही करूर में जश्न के मातम में बदलने की कहानी

**करूर (एजेंसी)।** बिखरी पड़ी चप्पलें, पिचकी हुई पानी की बोतलें, टूटे खंभे और बिखरे कागज-उस भयानक पल की गवाही दे रहे थे, जिसने कई जिंदगियों को निगल लिया और जश्न को मातम में बदल दिया। सुबह की सैर पर निकले लोग और दूध-सब्जी लेने निकले राहगीर जब तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय



की बीती रात हुई रैली के स्थल से गुजरे तो वहां पसरे सन्नाटे और बिखरे सामान को देखकर स्तब्ध रह गए।

### गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। होम मिनिस्ट्री ने राज्य सरकार से पूछा है कि जब 10 हजार लोगों की परमीशन थी तो 50 हजार लोग क्यूं पहुंचे। दरअसल, एक्टर विजय ने 2 फरवरी 2024 को टीवीके बनाई। विधानसभा चुनाव 2026 में उतरने की घोषणा की। इसके चलते राज्यभर में रैलियां कर रहे हैं। करूर में भी इसी मकसद से रैली रखी गई। रैली के लिए 10 हजार लोगों की परमिशन थी। 50 हजार की भीड़ जमा हो गई। वहीं राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एक आयोग बनाने की घोषणा की है। यह आयोग इस पूरे मामले की गहनता से जांच करेगा।

### विजय बोले-

## दर्द बयां करने शब्द नहीं मृतकों को 20-20 लाख देंगे

एक्टर विजय ने लिखा- कल करूर में जो हुआ, उसके बारे में सोचकर, मेरा दिल और मन भारी है। अपनों को खोने के दु:ख के बीच, मेरे पास अपने दिल का दर्द बयान करने के लिए शब्द नहीं हैं। मेरी आंखें



और मन दु:ख से घिरे हुए हैं। आप सभी के चेहरे, जिनसे मैं मिला हूं, मेरे मन में बार-बार आते हैं। जितना ज्यादा मैं उनके बारे में सोचता हूं,उतना ही मेरा दिल मुझसे दूर जा रहा है। मेरे प्रियजन...यह वाकई में हमारे लिए एक अपूरणीय क्षति है। चाहे कोई, कितने ही सांत्वना के शब्द कहे, अपनों का जाना असहनीय है। फिर भी, आपके परिवार का सदस्य होने के नाते मैं परिवारों को 20 लाख और घायलों को 2 लाख की सहायता प्रदान करना चाहता हूं जो इलाज करा रहे हैं। यह राशि कोई खास मायने नहीं रखती फिर भी मदद करना मेरा कर्तव्य है।

# गजवा-ए-हिंद का सपना देखने वालों का अंत छांगुर बाबा जैसा होगा

### बलरामपुर में गरजे सीएम योगी, विकास में बाधा डालने वालों को दी चेतावनी



**बलरामपुर (एजेंसी)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर में आयोजित जनसभा में गजवा-ए-हिंद का सपना देखने वालों और विकास में बाधा डालने वालों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का अंत छांगुर बाबा की तरह होगा और उन्हें सीधे नरक में जाना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने बच्चों को विरोध-प्रदर्शनों में शामिल करने वालों की भी आलोचना की। योगी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई विकास के मार्ग में बाधक बनेगा तो विकास ही उनके लिए विनाश का कारण बन जाएगा। योगी ने कहा कि यदि उत्सव से पहले उपद्रव किया गया तो आने वाली पीढ़ियां इसे याद रखेंगी।

### जब भी दुस्साहस करोगे, ऐसे ही पिटोगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग रहते तो भारत मे हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का सपना देखते हैं। उनका सपना जहन्नुम में जाने का टिकट कन्फर्म कर देगा। देर-सबेर ऐसे लोगों का हाल छांगुर बाबा जैसा ही होगा। हमें ऐसे कालनेमियों से सतर्क रहना होगा। योगी ने बरेली हिंसा के बाद हुए एक्शन का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जब भी कोई दुस्साहस करेगा, उसे इसी तरह पीटा जाएगा। उन्होंने कहा कि, याद रखना!

# स्वाभिमानी है भारत

### निर्णय लेने में भी सक्षम

- यूएन के मंच से रूस ने की भारत की जमकर तारीफ

**जिनेवा (एजेंसी)।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बावजूद रूस के साथ तेल व्यापार पर भारत के रुख का पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे मामलों पर स्वयं निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम है। लावरोव ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सराहना करते हुए भारत के आत्म-सम्मान की तारीफ की। लावरोव ने कहा कि जयशंकर के साथ अपनी नियमित बातचीत में वह कभी भी तेल और



व्यापार का मुद्दा नहीं उठाते हैं, क्योंकि भारत इन फैसलों को खुद लेने में पूरी तरह सक्षम है। लावरोव ने जयशंकर के एक बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर अमेरिका तेल बेचना चाहता है तो भारत अपनी शर्तों पर चर्चा करेगा, लेकिन रूस या अन्य देशों से भारत क्या खरीदता है, वह उसका अपना मामला है।

## अवैध घुसपैठियों पर सख्त हुई असम की सरकार

**दिसपुर (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि कछार जिले में पुलिस ने 24 बांग्लादेशियों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है और उन्हें पड़ोसी देश वापस भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि असम घुसपैठियों की पहचान करना और उन्हें वापस भेजना जारी रखेगा। मुख्यमंत्री सरमा ने शनिवार रात एक एक्स पोस्ट में कहा,असम हमेशा उन खोए हुए यात्रियों की सेवा में है जो हमारे राज्य को अपने देश के रूप में समझ लेते हैं और हम उन्हें तुरंत उनके मातृभूमि बांग्लादेश वापस भेज देंगे। उन्होंने एक हिंदी गीत की पंक्तियों को बदलते हुए लिखा,घर लौट जा परदेसी, तेरा देश तुझे पुकारे। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार एक घुसपैठिया-मुक्त असम के प्रति प्रतिबद्ध है और प्रत्येक सप्ताह कम से कम 35-40 लोगों को वापस भेजा जा रहा है।

# लद्दाख की संस्कृति भाजपा आरएसएस के निशाने पर

- वहां के लोगों ने आवाज उठाई, भाजपा ने चार की हत्या कराई

### ये हिंसा बंद हो, राहुल बोले-उन्हें छठी अनुसूची का अधिकार दो



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को लद्दाख में हुए हिंसक प्रदर्शन को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने इसके लिए बीजेपी और आरएसएस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि लद्दाख के लोगों ने सिर्फ अपनी आवाज उठाई। जवाब में बीजेपी ने चार युवाओं की हत्या कर दी और सोनम वांगचुक को जेल में डाल दिया। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, लद्दाख की अद्भुत जनता, संस्कृति और परंपराएं बीजेपी और आरएसएस के निशाने पर हैं।

# अब दक्षिण कोरिया ने अमेरिका को दे दिया जोरदार झटका

### 350 अरब डॉलर का निवेश करने से इनकार, डोनाल्ड ट्रंप लगाएंगे टैरिफ?



**सियोल (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया ने अमेरिका को झटका देते हुए 350 अरब डॉलर का निवेश करने से इनकार कर दिया है। दक्षिण कोरिया की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका में 350 अरब डॉलर के निवेश को लेकर दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच बातचीत मुश्किल स्थिति में पहुंच गई है। रॉयटर्स ने सियोल के राष्ट्रपति सलाहकार के हवाले से शनिवार को बताया है कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका में 350 अरब डॉलर का निवेश करने में असमर्थ है। डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ कम करने को लेकर दक्षिण कोरिया के सामने अमेरिका में 350 अरब डॉलर का निवेश करने की शर्त रखी थी। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वाई सुंग-लाक ने चैनल ए न्यूज टेलीविजन से बात करते हुए कहा है कि,हम जिस स्थिति की बात कर रहे हैं, वह कोई बातचीत की रणनीति नहीं है, बल्कि व्यावहारिक रूप से वह उस स्तर की नहीं है जिसे हम संभाल सकें।

## ईडी जल्द कुछ क्रिकेटर-अभिनेताओं की संपत्ति करेगी जब्त, हुआ फैसला

### सट्टेबाजी एप के प्रचार का मामला, युवराज सिंह, रैना और सोनू सूद समेत कई से पूछताछ हो चुकी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय जल्द ही कुछ खिलाड़ी और अभिनेताओं की करोड़ों की संपत्तियां जब्त करने जा रहा है। यह



कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में होगी। ऑफिशियल सोर्स ने न्यूज एजेंसी को बताया कि एप से मिले एडवर्टाइजमेंट पैसों का इस्तेमाल कुछ सेलिब्रिटीज ने अलग-अलग तरह की संपत्ति खरीदने में किया है। ऐसे में इन्हें प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। ईडी जल्द ही सेलिब्रिटीज की इन चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी करेगी।

# 17 छात्राओं से यौन शोषण का आरोपी चैतन्यानंद अरेस्ट

### उम्र-62, अमेरिका से पीएचडी, आगरा के होटल में छिपा था

**आगरा (एजेंसी)।** दिल्ली में शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट की 17 छात्राओं से यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती आगरा में छिपा था। दिल्ली पुलिस ने रविवार तड़के 3 बजे दबिश देकर चैतन्यानंद को अरेस्ट किया और उसे दिल्ली लेकर गई। वसंत कुंज पुलिस स्टेशन में उससे पूछताछ चल रही है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं। एक कार्ड में उसे



संयुक्त राष्ट्र में स्थायी राजदूत और दूसरे में ब्रिक्स संयुक्त आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत बताया गया है। चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी स्वामी 5 अगस्त को एफआईआर दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। उसकी तलाश में दिल्ली, हरियाणा, यूपी, उत्तराखंड और बिहार में छापेमारी भी की जा रही थी। वह देश छोड़कर न भाग जाए, इसके लिए पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर जारी किया था।




# ज्योतिष में है भविष्य

पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर ग्रहों का मानव पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका अध्ययन ज्योतिष में किया जाता है। ज्योतिष के द्वारा ज्ञात हो सकता है कि कौन से ग्रह उस पर अच्छा प्रभाव डालेंगे और कौन से ग्रह बुरा। हर ग्रह का अपना एक तत्व होता है उस तत्व के द्वारा उस ग्रह के बुरे प्रभाव को खत्म किया जा सकता है। वर्तमान में ज्योतिष एक संभावनाओं वाले क्षेत्र के रूप में उभर कर आया है।

ज्योतिष ग्रहों को जानने की एक प्राचीन विद्या है। यह हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त एक ज्ञान है। ज्योतिष ग्रहों की गणितीय गणना है। ज्योतिष का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति को अपनी अनुकूल और प्रतिकूल स्थिति का ज्ञान हो जाता है, जिससे वह उसके अनुसार कार्य करता है तो विपरीत परिस्थितियों में भी उसे संबल मिलता है। पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर ग्रहों का मानव पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका अध्ययन ज्योतिष में किया जाता है। ज्योतिष के द्वारा ज्ञात हो सकता है कि कौन से ग्रह उस पर अच्छा प्रभाव डालेंगे और कौन से ग्रह बुरा। हर ग्रह का अपना एक तत्व होता है उस तत्व के द्वारा उस ग्रह के बुरे प्रभाव को खत्म किया जा सकता है। वर्तमान में ज्योतिष एक संभावनाओं वाले क्षेत्र के रूप में उभर कर आया है। इस विद्या में कंप्यूटर के प्रयोग से ज्योतिष का क्षेत्र सरल एवं व्यापक हुआ है। भारत में ज्योतिष से संबंधित लगभग 1800 वेबसाइट्स हैं। विदेशों में ज्योतिष से संबंधित लगभग 2 लाख से अधिक वेबसाइट्स हैं। युवा ज्योतिष विद्या का अध्ययन कर इसमें भी कैरियर बना सकते हैं। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विनायक पांडे के अनुसार ज्योतिष वर्तमान में एक अच्छे कैरियर क्षेत्र के रूप में उभरा है। कई युवा इस प्राचीन भारतीय विद्या के बारे में जानने-समझने को उत्सुक हैं। अभी इस विद्या का पूर्ण और सही ज्ञान रखने वालों की भारत में अभी भी कम है।

उन्होंने बताया कि ज्योतिष के दो प्रकार होते हैं- 1. सिद्धांत ज्योतिष और 2. फलित ज्योतिष। सिद्धांत ज्योतिष के अंतर्गत पंचांग आदि का निर्माण शामिल है। इसका अध्ययन कर युवा खुद स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। फलित ज्योतिष के अंतर्गत भविष्य देखना, पत्रिका बनाना, ग्रहजन्य पीड़ा, निदान आदि का अध्ययन किया जाता है।

डॉ. पांडे कहते हैं कि ज्योतिष में रुचि रखने वाले युवा ज्योतिष में डिप्लोमा कर सकते हैं। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आप किसी भी विषय में स्नातक की पढ़ाई के साथ यह डिप्लोमा कर सकते हैं। यह डिप्लोमा कोर्स तीन वर्षीय है। पहले साल में उत्तीर्ण होने पर प्रमाण-पत्र दिया जाता है। दूसरे वर्ष में डिप्लोमा और तीसरे वर्ष में एडवांस डिप्लोमा होता है। यह युवाओं के लिए उभरता हुआ कैरियर क्षेत्र है। ज्योतिष के साथ में आध्यात्मिक जुड़ाव भी होना चाहिए।

प्रचलित चिकित्सा पद्धति के नुकसान के चलते जहां लोगों में आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचलन बढ़ रहा है वहीं कुछ वर्षों से योग के प्रति भी लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है। यदि कोई व्यक्ति योग शिक्षक बनना चाहता है तो उसे योग की तमाम अपेक्षित जानकारी होनी चाहिए।

# योग में संवारे कैरियर



इस क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। योग शिक्षा और प्रशिक्षण के बाद आप स्वयं योग-कक्षाएं लगा सकते हैं। इसके लिए सिर्फ आपके पास साफ-सुथरा स्थान तथा स्वस्थ माहौल होना चाहिए। खुली जगह सर्वोत्तम रहती है। यदि मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षण लिया है तो आप स्कूल, कॉलेज में भी कक्षाएं ले सकते हैं। चिकित्सक और शोधकर्ता के रूप में आप रोगों तथा विकारों के संबंध में कार्य कर सकते हैं। योग में अनेक क्षेत्र हैं, लेकिन दो प्रमुख क्षेत्र हैं -1. अध्यापन और अनुसंधान तथा 2. रोगों का उपचार। जहां तक रोगों के उपचार का संबंध है, योग मन और शरीर- दोनों का इलाज करता है। किंतु यह जानना जरूरी होता है कि किस आसन और प्राणायाम से कौन-सा रोग ठीक होता है। इसके लिए विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं लगाई जाती हैं, जहां उन्हें विभिन्न आसन और योग के अन्य पहलू सिखाए जाते हैं। योग पर अनेक ग्रंथ हैं। उक्त ग्रंथों का अध्ययन कर योगाभ्यास की सही तकनीक समझ सकते हैं। योग में प्रशिक्षण लेना बेहद जरूरी है क्योंकि यदि व्यायाम सही ढंग से नहीं किया जाता है तो समस्या बढ़ सकती है। यदि समुचित प्रशिक्षण के बिना योग किया जाता है तो यही योग हानिकारक भी हो सकता है।

## रोजगार की संभावनाएं

वर्तमान में भारत में 30 से ज्यादा कॉलेजों में योग विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। किसी भी क्षेत्र के स्नातक योग से संबंधित पाठ्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर ये पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, अथवा स्नातकोत्तर डिप्लोमा स्तर का एक वर्ष का पाठ्यक्रम भी कराया जाता है। यहां यह भी जानना आवश्यक है कि कॉलेजों के अलावा देशभर में कई योग अध्ययन केंद्र भी हैं। योग पाठ्यक्रम में निम्नलिखित विषय शामिल हैं- शरीर रचना, दर्शन, ध्यान, व्यायाम तथा योग और ध्यान का सिद्धांत व नियम। व्यावहारिक पक्ष में योगासन, सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम जैसे विभिन्न आसन दिखाए जाते हैं।

आइए जानते हैं कुछ इंटरव्यू टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप इंटरव्यू में सफल हो सकते हैं। समय से पहले न पहुचें- समय से पहले पहुंचने पर इंटरव्यूअर पर आपके प्रति नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। समय का पाबंद रहना अच्छा गुण है। इस बात का ध्यान रखें कि आप न देर से पहुंचे और न समय से पहले पहुंच कर वहां खाली बैठे रहें। कुछ हायरिंग मैनेजरों को कैंडिडेट्स का बिना वजह खाली बैठे रहना पसंद नहीं आता।

# इंटरव्यू की खास बातें



कहते हैं फर्स्ट इंप्रेशन इज़ लास्ट इंप्रेशन। किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देते समय आपको इन्हीं बातों का ध्यान रखना पड़ता है। आप इंटरव्यू में अपने आपको सही तरीके से प्रस्तुत करेंगे तो आपको जॉब मिलने में आसानी होगी। आइए जानते हैं कुछ इंटरव्यू टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप इंटरव्यू में सफल हो सकते हैं। समय से पहले न पहुचें- समय से पहले पहुंचने पर इंटरव्यूअर पर आपके प्रति नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। समय का पाबंद रहना अच्छा गुण है। इस बात का ध्यान रखें कि आप न देर से पहुंचे और न समय से पहले पहुंच कर वहां खाली बैठे रहें। कुछ हायरिंग मैनेजरों को कैंडिडेट्स का बिना वजह खाली बैठे रहना पसंद नहीं आता।

हरेक गतिविधि पर नजर- इंटरव्यू देते वक्त आपका ध्यान सिर्फ उसी पर रहता है। इंटरव्यूअर आपसे सवाल-जवाब करने के दौरान आपकी प्रत्येक हलचल पर ध्यान रखता है। कई कंपनियों में तो कैंडिडेट्स के व्यवहार को देखने के लिए रिसेप्शन पर कैमरे तक लगाए जाते हैं। हायरिंग मैनेजर इन कैमरों से यह देखते हैं कि आप रिसेप्शनिस्ट और दूसरे इंटरव्यू देने आए प्रतिभागियों से कैसा व्यवहार कर रहे हैं। बातों को बढ़ा-चढ़ाकर न बोलें- इंटरव्यू के दौरान अनावश्यक न बोलें। आपसे जो सवाल किया जाए, उसी का सीधे तरीके से जवाब दें। कई लोगों की आदत जरूरत से ज्यादा बोलने की होती है। इंटरव्यूवर को इस बात से सख्त नफरत होती है कि आप उसके सवाल का जवाब देने की बजाय इधर- उधर की बातें करें। अगर आप फालतू की बात करेंगे तो यही माना जाएगा कि आपको कुछ पता नहीं है। सकारात्मक जवाब- इंटरव्यू के दौरान अपने पॉजीटिव एटीट्यूट को प्रदर्शित करें। इंटरव्यू के दौरान आपसे चाहे जितने नकारात्मक प्रश्न पूछे जाएं, आप उनका जवाब पॉजीटिव ही दें। इंटरव्यू के दौरान ज्यादा कम्फर्टेबल और फ्रेंडली होने का प्रयास भी न करें। अपने इंप्लोयर की न करें आलोचना- आप अपने वर्तमान जॉब से चाहे कितने ही असंतुष्ट क्यों न हों, लेकिन इंटरव्यू के दौरान अपने इंप्लोयर की किसी भी तरह की आलोचना न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो इंटरव्यू पैनल में आपके बारे में गलत संदेश जाएगा।

# फोटोग्राफी में ध्यान दें बारीकियों पर

फैशन और वाइल्ट लाइफ फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले युवा इसे अपना पेशन मानते हैं। इस फील्ड में क्रिएटीविटी, टेक्निक, ट्रेनिंग, हार्डवर्क, ग्लैमर, एडवेंचर सब कुछ है। सही ट्रेनिंग और गाइडेंस से इस फील्ड में कैरियर बनाने का स्कोप बढ़ गया है। कई डिग्री होल्डर फोटोग्राफर्स भी फैशन और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी की बारीकियां सीख रहे हैं। कैरियर संभावनाएं- फैशन इंडस्ट्रीज, कार्पोरेट और इंडस्ट्रीयल सेक्टर के विकसित होने से इस फील्ड में संभावनाएं बढ़ गई हैं। फैशन इंडस्ट्री के फलने-फूलने के साथ ही फैशन फोटोग्राफी में ग्लैमर जुड़ चुका है। आज हर कंपनी अपने प्रोडक्ट के साथ कैलेंडर, मैगजीन, विज्ञापन ब्रोशर प्रकाशित करती है। इनमें आकर्षक और स्टाइलिश फोटो की खास भूमिका



होती है। इन सबके लिए फैशन फोटोग्राफर की बहुत जरूरत है। तकनीकी रूप से सक्षम होने पर इस क्षेत्र में भविष्य बहुत उज्जवल है। शैक्षणिक योग्यता- फोटोग्राफी के लिए कम से कम ग्रेजुएशन होना जरूरी है। देशभर में कई इंस्टीट्यूट फोटोग्राफी में डिग्री या सर्टीफिकेट कोर्स करवाते हैं। एक सक्सेसफुल फोटोग्राफर बनने के लिए डीप स्टडी और अच्छे विजन का होना जरूरी है। अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, औरंगाबाद जैसे शहरों में संस्थानों द्वारा फोटोग्राफी का विधिवत प्रशिक्षण दिया जाता है। इन संस्थानों में दो-तीन वर्षों के डिग्री कोर्स एवं ट्रेनिंग दी जाती है।

# Learning Walk 2025 at FMS – A Journey of Collaborative Growth

**Faridabad/Alive News:**

Faridabad Model School, Sector-31, celebrated 47 years of learning and holistic development with a special event, Learning Walk 2025 – A Pathway to Collaborative Growth, organized by the Pre-Primary Wing. The program was attended by the proud parents of Kindergarten students.

The little ones showcased their daily school routine, beginning with prayer, physical exercise, and various classroom activities.

They expressed their creativity through role plays, models, and interactive presentations, giving parents a glimpse of their everyday learning experiences.

Subjects like Literacy, Hindi, Numeracy, General Awareness, and Rhymes were highlighted during the presentations. The event helped students apply classroom lessons in real life, boosting their confidence, communication, and teamwork skills. It also encouraged curiosity, creativity, and reflective learning. The program proved to be a joyful and enriching experience for students, parents, and teachers alike, making the world of knowledge come alive through the efforts of young FMSians.



Speaking on the occasion, FMS Academic Director, Mrs. Shashi Bala, said that at FMS, every aspect of a child's development intellectual, physical, social, emotional, and creative is nurtured with love and care, ensuring all-round growth that both children and parents truly value.

# New Edition of 'Handmade wallpaper' Released by Media Students

**Faridabad/Alive News:**

A handmade wallpaper by first-year postgraduate students of journalism was released at the Media Department of J.C. Bose University YMCA. The event was attended by the Vice-Chancellor of Chaudhary Devi Lal University, Prof. Vijay Kumar, as the chief guest, along with Head of Department Prof. Pawan Singh, Dr. Ravi Kumar, Production Assistant Pankaj Saini, Anju Singh, and the student editorial team members, including Dhiren Singh, Anjali, Pooja Sarot, and Mohisha.

All the guests praised the 'handmade wallpaper' prepared by the media students and wished them a bright future, encouraging them to practice regularly. Vice-Chancellor Prof. Vijay Kumar congratulated the students and said that the 'handmade wallpaper' reflects the creativity of media students. He added that continuous practice leads to both creativity and proficiency. He wholeheartedly praised everyone's creativity, news selection style, and page layout, and encouraged them to do even better work in the future.



Prof. (Dr.) Pawan Singh, HOD of CMT, said that the 'handmade wallpaper' reflects the quality of academic training in journalism. He emphasized that regular practice is essential for this. He mentioned that the purpose of the 'handmade wallpaper,' prepared under the supervision of Production Assistant Anju Singh, is to mentally prepare media students for designing newspapers. This allows students to prepare themselves for the task before directly working on the software. The entire process of the 'handmade newspaper' is a better alternative for operating 'paper' designing software.

Production Assistant Anju Singh informed that in the process of creating the 'handmade wallpaper,' first-year MAJMC students Dhiren, Anjali, Mohisha, and Aman Rajput prepared a newspaper named Khel Jagran (Sports Awakening). The newspaper Manoranjan Mirror (Entertainment Mirror) was created by Pooja Sorot, Gargi, and Sanjana.

# J.C. Bose University's two Faculty Members Featured Among World's Top 2% Scientists

**Faridabad/Alive News:**

Two distinguished faculty members of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad—Dr. Deepansh Sharma and Dr. Yogendra Arya have been recognized in the prestigious "World's Top 2% Scientists" list compiled by Stanford University in collaboration with Elsevier BV. This global ranking, based on a subject-wise bibliometric analysis, acknowledges scientists for their citation impact across 22 fields and 174 subfields.

Vice Chancellor Prof. Rajive Kumar congratulated Dr. Sharma and Dr. Arya for their remarkable achievement, stating, "This recognition reflects the high-quality research and global competence of our faculty. It will inspire our students and researchers to pursue excellence in scientific inquiry." Dr. Yogendra Arya, Associate Professor in the Department of Electrical Engineering, with over 15 years of



expertise in Electrical Power Systems, has authored 70 publications in reputed journals. Dr. Deepansh Sharma, Assistant Professor in the Department of Life Sciences, with over 10 years of experience in Microbiology, has published more than 65 research papers and eight books with leading science publishers.

The Stanford University list, published annually by Elsevier, ranks scientists based on citations, h-index, and a composite indicator. It includes two categories: career-long impact and performance in 2024. Dr. Arya has been featured in both lists for the sixth consecutive year since 2020, while Dr. Sharma has secured a place for the second year. This year, 3,371 Indian researchers were included in the global database, highlighting the significant contributions of Indian scientists to the global research community.

# Internal Round of Smart India Hackathon 2025 Held at JC Bose University



**Faridabad/Alive News:**

JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, organized the Internal Round of Smart India Hackathon (SIH) 2025 under the Institution's Innovation Council (IIC). The event was conducted under the guidance of Vice Chancellor Prof. Rajive Kumar and led by IIC President Dr. Rashmi Agarwal, with support from faculty coordinators Dr. Payal Gulati and Dr. Sonam Khera.

A total of 432 students, grouped into 72 teams, took part in the competition. External judges, Mrs. Saloni Kaul (Founder & CEO, It's People and President, FMA) and Mr. Neeraj Sarup Sharma (Sr. Technology Manager, Nagarro Software Ltd.) evaluated the projects.

Students presented innovative solutions to real-world problems in fields like tourism, smart agriculture, healthcare, education, waste management, and digital governance.

After multiple rounds of evaluation, 35 teams were selected to represent the university at the National Level of SIH 2025. The event turned out to be a grand success, showcasing the creativity, innovation, and problem-solving skills of young innovators.

# राजा नाहर सिंह महल में चला सफाई व पेंटिंग अभियान

**Faridabad/Alive News**

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को ऐतिहासिक राजा नाहर सिंह महल परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सरकारी स्कूल बल्लभगढ़ के बच्चों ने न सिर्फ परिसर की सफाई की, बल्कि पेंटिंग प्रतियोगिता में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अगुवाई राजा नाहर सिंह महल के इंचार्ज रेष यादव ने की। बच्चों को स्वच्छता के महत्व पर जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों से बच्चों में जिम्मेदारी और जागरूकता दोनों का विकास होता है। स्कूल की प्रधानाचार्य रेखा चौधरी व अध्यापकगण की उपस्थिति में अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम में इंजीनियर जैकब, जॉयसर भारती एवं सिविल अस्पताल बल्लभगढ़ के स्टाफ ने भी भागीदारी की। अभियान के बाद बच्चों और शिक्षकों को राजा नाहर सिंह महल के ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन कराया गया और महल परिसर में सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।




# विश्व गुरु बनने के लिए भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास जरूरी : विपुल गोयल

**Faridabad/Alive News**

सेक्टर 21 डी वरदानी भवन में इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगिनी बीके.ऊषा दीदी ने विश्व एकता और विश्वास की राष्ट्रीय थीम पर कहा कि शांति बाहर नहीं भीतर है ध्यान व्यक्ति को शांत करता है और शांत मन ही विश्व में शांति फैला सकता है। मन को शांत और स्थिर करने के लिए ध्यान (मेडिटेशन) एक शक्तिशाली साधन है और विश्व एकता और आपसी विश्वास को बढ़ावा देने में भी मदद करता है। इस मौके पर उनके साथ संस्था कि कार्यप्रभारी बीके प्रीति राज योगिनी दीदी, बीके रंजना दीदी भी मौजूद थी। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका और अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता ऊषा दीदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में लोग भय के माहौल में जी रहे हैं वर्तमान समय में लोग असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रहे हैं और ब्रह्मा कुमारी संस्था का यह मानना है कि इसका समाधान आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार में है। ब्रह्मा कुमारी योग और ध्यान के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करती है, जिससे व्यक्ति को मानसिक शांति, आंतरिक शक्ति और स्वयं पर विश्वास प्राप्त होता है और यह आंतरिक शक्ति ही बाहरी परिस्थितियों से निपटने में मदद करती है। विश्व स्तर पर ध्यान (मेडिटेशन) और एकता (यूनिटी) लाने के लिए, व्यक्ति को पहले स्वयं उन सिद्धांतों का पालन करना होगा, क्योंकि किसी भी बड़े सामाजिक



या वैश्विक परिवर्तन की शुरुआत व्यक्तिगत स्तर पर ही होती है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि भारत तभी विश्व गुरु बनेगा जब यहां भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास का भी उचित संतुलन होगा। विश्व गुरु बनने के लिए केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि एक उच्चतर आध्यात्मिक और नैतिक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहार राजीव जेटली ने कहा कि हमें अपने मन को कर्म के क्षेत्र में बदलने की आवश्यकता है, न कि उसे कुरुक्षेत्र (युद्ध भूमि) बनने देना है, जिसके लिए अध्यात्म को अपनाना ज़रूरी है। उन्होंने कहा स्वयं को जानना दूसरों को जानने से ज़्यादा महत्वपूर्ण है और यह आत्म-ज्ञान तभी संभव है जब कोई व्यक्ति आध्यात्मिकता से जुड़ता है, क्योंकि आध्यात्मिकता ही व्यक्ति को आंतरिक शांति और स्पष्टता देती है। नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त डॉ गौरव अंतिल ने कहा कि वर्तमान समय में नकारात्मकता को दूर करने और जीवन में सकारात्मकता लाने के लिए आध्यात्मिक जुड़ाव एक बहुत ही प्रभावी तरीका है और परमेश्वर से जुडना जीवन का मूल मंत्र है। रोजाना लगभग 10 मिनट का समय निकालकर आध्यात्म का अभ्यास करना,सकारात्मक ऊर्जा लाने और नकारात्मकता को दूर करने में मदद कर सकता है। जगतगुरु विजय राम देवाचार्य भैया जी महाराज ने कहा कि हम जिस माहौल या संगत में रहते हैं, उसका हमारी आध्यात्मिकता और जीवन की दिशा पर गहरा असर पड़ता है, लेकिन यह भी सच है कि अध्यात्म का अर्थ केवल किसी संस्था या समूह में रहना नहीं है, बल्कि यह एक आंतरिक यात्रा है जो व्यक्ति को अपने अस्तित्व, जीवन के अर्थ और ब्रह्मांड से जुड़ाव को समझने में मदद करती है।

# DAV Public School Hosts CBSE Life Skills Training for Teachers



**Faridabad/Alive News:**

DAV Public School, Sector-37, Faridabad organized a CBSE training session on Life Skills (Advanced) to help teachers learn practical strategies for classroom use.

The program began with the traditional lamp lighting ceremony by Principal Ms. Deepti Jagota, school heads, and the resource persons, followed by the Gayatri Mantra and DAV Gaan. In her address, the Principal spoke about the importance of life skills in shaping students into confident, empathetic, and responsible individuals.

The sessions were led by two experts Ms. Rimmi Gupta, Academic Coordinator at Eicher School and a certified CBSE trainer, and Ms. Priyanka Tripathi, a Counseling Psychologist, Life Coach, and NLP Practitioner with wide experience in mental health and international projects.

The training included four interactive sessions with group activities, presentations, and discussions. Teachers gained practical insights and strategies to make life skills a part of their teaching.

The event concluded with a collective commitment to promote holistic learning, harmony, and overall growth in education.

# शुद्ध हवा के प्रयासों पर निगम ने अपनी पीठ थपथपाई

**Faridabad/Alive News**

फरीदाबाद में हाल में ही पर्यावरण मंत्रालय की ओर स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की रिपोर्ट जारी की गई। जिसमें औद्योगिक नगरी में हवा में सुधार देखने को मिला। साल



2023-24 में जिले को इस सर्वे में 21वां स्थान दिया गया था। जबकि 2024-25 की जारी रिपोर्ट में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में दो अंक का सुधार होते हुए 19वां स्थान मिला। ऐसे में नगर निगम के अधिकारियों ने भी रिपोर्ट आने पर अपनी पीठ थपथपाते हुए सुधार का दावा किया गया। निगम अधिकारियों की ओर से कहा गया कि अगले साल की सर्वेक्षण रिपोर्ट रैंकिंग इससे भी बेहतर होगी। लेकिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की लापरवाही को देखते हुए ऐसा मुश्किल लग रहा है। क्योंकि पिछले पांच माह से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी एयर बुलेटिन में फरीदाबाद का नाम नहीं है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि पिछले पांच माह से एयर क्वालिटी इंडेक्स को मापने वाली मशीनों ने काम करना बंद कर दिया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से चार मशीन फरीदाबाद और एक मशीन बल्लभगढ़ में लगाई गई है। फरीदाबाद में यह मशीन सेक्टर 11, सेक्टर 16, एनआइटी व सेक्टर 30 में यह मशीन लगाई गई हैं। इन मशीनों को चलाने और रखरखाव करने की जिम्मेदारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निजी एजेंसी को दी हुई है।

सूत्रों के अनुसार, एजेंसी के अनुबंध का समय पांच माह पहले पूरा हो गया था। उसके बाद दोबारा से कंपनी से टेंडर देने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है, जिसके चलते अभी तक मशीन बंद पड़ी हुई हैं। प्रदेश में 32 जगहों पर मशीने लगी हुई है। जिसमें से 30 जगह पर यह मशीन बंद पड़ी है। मशीने कब शुरू होगी। इसको लेकर जिला स्तर पर अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं हैं।

# विश्व गुरु बनने के लिए भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास जरूरी : विपुल गोयल

**Faridabad/Alive News**

सेक्टर 21 डी वरदानी भवन में इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगिनी बीके.ऊषा दीदी ने विश्व एकता और विश्वास की राष्ट्रीय थीम पर कहा कि शांति बाहर नहीं भीतर है ध्यान व्यक्ति को शांत करता है और शांत मन ही विश्व में शांति फैला सकता है। मन को शांत और स्थिर करने के लिए ध्यान (मेडिटेशन) एक शक्तिशाली साधन है और विश्व एकता और आपसी विश्वास को बढ़ावा देने में भी मदद करता है। इस मौके पर उनके साथ संस्था कि कार्यप्रभारी बीके प्रीति राज योगिनी दीदी, बीके रंजना दीदी भी मौजूद थी।

वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका और अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता ऊषा दीदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में लोग भय के माहौल में जी रहे हैं वर्तमान समय में लोग असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रहे हैं और ब्रह्मा कुमारी संस्था का यह मानना है कि इसका समाधान आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार में है। ब्रह्मा कुमारी योग और ध्यान के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करती है, जिससे व्यक्ति को मानसिक शांति, आंतरिक शक्ति और स्वयं पर विश्वास प्राप्त होता है और यह आंतरिक शक्ति ही बाहरी परिस्थितियों से निपटने में मदद करती है। विश्व स्तर पर ध्यान (मेडिटेशन) और एकता (यूनिटी) लाने के लिए, व्यक्ति को पहले स्वयं उन सिद्धांतों का पालन करना होगा, क्योंकि किसी भी बड़े सामाजिक या वैश्विक परिवर्तन की शुरुआत व्यक्तिगत स्तर पर ही होती है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि भारत तभी विश्व गुरु बनेगा जब यहां भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास का भी उचित संतुलन होगा। विश्व गुरु बनने के लिए केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि एक उच्चतर आध्यात्मिक और नैतिक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहार राजीव जेटली ने कहा कि हमें अपने मन को कर्म के क्षेत्र में बदलने की आवश्यकता है, न कि उसे कुरुक्षेत्र (युद्ध भूमि) बनने देना है, जिसके लिए अध्यात्म को अपनाना ज़रूरी है। उन्होंने कहा स्वयं को जानना दूसरों को जानने से ज़्यादा महत्वपूर्ण है और यह आत्म-ज्ञान तभी संभव है जब कोई व्यक्ति आध्यात्मिकता से जुड़ता है, क्योंकि आध्यात्मिकता ही व्यक्ति को आंतरिक शांति और स्पष्टता देती है।

नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त डॉ गौरव अंतिल ने कहा कि वर्तमान समय में नकारात्मकता को दूर करने और जीवन में सकारात्मकता लाने के लिए आध्यात्मिक जुड़ाव एक बहुत ही प्रभावी तरीका है और परमेश्वर से जुडना जीवन का मूल मंत्र है। रोजाना लगभग 10 मिनट का समय निकालकर आध्यात्म का अभ्यास करना,सकारात्मक ऊर्जा लाने और नकारात्मकता को दूर करने में मदद कर सकता है। जगतगुरु विजय राम देवाचार्य भैया जी महाराज ने कहा कि हम जिस माहौल या संगत में रहते हैं, उसका हमारी आध्यात्मिकता और जीवन की दिशा पर गहरा असर पड़ता है, लेकिन यह भी सच है कि अध्यात्म का अर्थ केवल किसी संस्था या समूह में रहना नहीं है, बल्कि यह एक आंतरिक यात्रा है जो व्यक्ति को अपने अस्तित्व, जीवन के अर्थ और ब्रह्मांड से जुड़ाव को समझने में मदद करती है।



# बल्लभगढ़ में श्रीमद् नारद महापुराण कथा, सामूहिक आरती बनी आकर्षण

**Faridabad/Alive News**

बल्लभगढ़ की अग्रवाल धर्मशाला में चल रही श्रीमद् नारद महापुराण कथा में हर शाम होने वाली विहंगम सामूहिक आरती भक्तों के लिए खास आकर्षण बनी हुई है। इस आरती में रोजाना करीब 500 से 600 श्रद्धालु अपने हाथों में दीपक लेकर एक साथ नारद महापुराण की आरती करते हैं। यह कथा श्री देवगुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट की ओर से गत शुक्रवार से शुरू हुई है। आयोजन में शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा नेता कविंद्र फागना, निगम पार्षद, उद्योगपति और समाजसेवी शामिल थे। व्यास पीठ पर श्री कृष्ण स्वामी जी महाराज ने बताया कि नारद मुनि केवल देवताओं के संदेशवाहक ही नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं जो समाज में संपर्क और संबंध जोड़ने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे भगवान श्रीराम और



श्रीकृष्ण का जीवन समाज के लिए प्रेरणा है, वैसे ही नारद जी का जीवन भी लोगों को सीख देता है। इस मौके पर पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता ने ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि वह पिछले 12 साल से ट्रस्ट से जुड़े हैं और यह संगठन धर्म और समाज के लिए लगातार सराहनीय काम कर रहा है। भाजपा नेता कविंद्र फागना ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को प्रेरणा मिलती है, जबकि उद्योगपति राजेश गुप्ता ने कहा कि कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि धार्मिक कार्यों के साथ-साथ ट्रस्ट समाज सेवा में भी सक्रिय है। पिछले 8 साल से ट्रस्ट निशुल्क डिस्पेंसरी चला रहा है, जहां मुफ्त डॉक्टरी परामर्श, दवाइयां, रक्त जांच और नेत्र जांच की सुविधा दी जाती है। इसके अलावा, ट्रस्ट ने श्री देवगुरु मंदिर (पूर्वी चावला कॉलोनी) में देवगुरु बृहस्पति देव की प्रतिमा और अखंड ज्योत भी स्थापित की हुई है, जो पिछले 13 साल से निरंतर जल रही है।

# आधुनिक जीवनशैली में हृदय विकार का खतरा चरम पर



लेखक - डॉ. प्रितम भि. गेडाम

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2022 में, अनुमानित 19.8 मिलियन लोगों की हृदय रोग से मृत्यु हुई, जो वैश्विक स्तर पर होने वाली कुल मौतों का लगभग 32 प्रतिशत हैं। इनमें से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुईं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हर 34 सेकंड में एक व्यक्ति हृदय रोग से मरता है और 2023 में, हृदय रोग से 9,19,032 लोगों की मृत्यु हुयी, अर्थात हर तीन मौतों में से एक। अधिकांश हृदय रोगों को तंबाकू सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार (नमक, चीनी और वसा में उच्च) और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, द्वेष, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, चिंता, अवसाद, मिलावटखोरी, शराब का हानिकारक सेवन और वायु प्रदूषण जैसे व्यवहारिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों को संबोधित करके रोका जा सकता हैं। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना महत्वपूर्ण है ताकि परामर्श और दवा के साथ प्रबंधन शुरू किया जा सकें।

दिल्ली के आकाश हेल्थकेयर द्वारा किए गए पाँच-वर्षीय अध्ययन से पता चला है कि कोविड-19 महामारी के बाद से हृदय रोग के मामले दोगुने हो गए हैं, और आपातकालीन मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। 2020 से 2023 के बीच भारत के अस्पतालों से प्राप्त आँकड़ों से पता चलता है कि हृदय रोग के 50 प्रतिशत मरीज़ 40 वर्ष से कम आयु के हैं, जो कि बेहद ही गंभीर विषय हैं। पिछले 4-5 वर्षों में युवाओं में इसके मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। उच्च रक्तचाप (24 प्रतिशत), मधुमेह (10 प्रतिशत), और डिस्लिपिडेमिया (39 प्रतिशत) जैसे जोखिम कारक शामिल हैं। इसके अलावा, धूम्रपान (36 प्रतिशत), अत्यधिक शराब का सेवन (16 प्रतिशत), अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (11 प्रतिशत) और खराब आहार गुणवत्ता (12 प्रतिशत), व्यक्तिगत एवम कार्य-संबंधी तनाव, मनोसामाजिक कारक, और जीवन की घटनाएँ (32 प्रतिशत) जो अंतःसंवहनी घनास्त्रता एवम परिणामस्वरूप, हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को बढ़ाती हैं। इसके अलावा, आनुवंशिक कारक और सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ स्थिति को अधिक जटिल बना देती हैं। दुनिया भर में तंबाकू से संबंधित हृदय रोग से 1.9 मिलियन मौतें होती हैं।



गुजरात के जामनगर शहर के 41 वर्षीय जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गांधी का उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रिपोर्टों के अनुसार, डॉ. गांधी ने अपने करियर में 16,000 से ज़्यादा हृदय शल्य चिकित्साएँ की थी। अभी हाल ही में, 39 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ग्रैडलिन रॉय का चेन्नई के एक अस्पताल में ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। एक 39 वर्षीय दंत चिकित्सक, फिटनेस के प्रति उत्साही और गोवा में 32 किमी की मैराथन में भाग लेने वाले की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। फिट और तंदरुस्त रहनेवाले फिल्मी सेलिब्रेटी पुनीत राजकुमार, सिद्धार्थ शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, गायक केके और अभी 42 वर्षीय शेफाली जरीवाला की मृत्यु का कारण भी हृदय विकार ही रहा। कुछ माह पूर्व महाराष्ट्र के कोल्हापुर के एक प्रसिद्ध युवा कुश्ती खिलाडी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कर्नाटक में एक 28 वर्षीय व्यक्ति की क्रिकेट मैच में जीत का जश्न मनाते समय और एक शादी समारोह में मंगलसूत्र बांधने के तुरंत बाद 25 वर्षीय दूल्हे की मृत्यु हो गई। विभिन्न हिस्सों में व्यायाम के दौरान भी युवाओं की मृत्यु के मामले सामने आए हैं।

अब तो छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी हृदय विकार से जान गंवाने की खबरें अत्यधिक बढ़ गयी हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि, देश में हर साल 14 साल से कम उम्र के सैकड़ों बच्चों की दिल का दौरा पड़ने या हृदय रोग से मृत्यु होती हैं। राजस्थान के सीकर स्थित एक स्कूल में 9 साल की एक बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अलीगढ़ के एक 14 साल के लड़के की स्कूल की खेल प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक 10 साल का बच्चा अपने घर के सामने खेल रहा था, अचानक तबीयत खराब होने पर, वह घर गया और अपनी माँ से पिने के लिए पानी माँगा और माँ की गोद में ही दम तोड़ दिया। इससे पहले, महाराष्ट्र के नासिक में 6 साल की एक स्कूली बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।वायु प्रदूषण के कारण हर साल 7 मिलियन लोगों की मृत्यु होती हैं, तथा इस्केमिक हृदय रोग इन मौतों के प्रमुख कारणों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान हैं, कि हर साल लगभग 4.2 मिलियन असामयिक मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोग; जो सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों या औद्योगिक क्षेत्रों के पास रहने या काम करने वाले लोग, जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने वाले लोग, धूम्रपान न करने वाले वयस्कों और बच्चों पर अप्रत्यक्ष धूम्रपान के धुएँ के संपर्क में आने से स्वास्थ्य प्रभाव हानिकारक और असंख्य हैं। अप्रत्यक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने से हृदय रोग और स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर, अचानक शिशु मृत्यु सिंड्रोम, गंभीर अस्थमा के दौरे और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। कई अध्ययनों ने वायु प्रदूषण और हृदय स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। जब लोग प्रदूषित हवा में साँस लेते हैं, तो उसके सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक जाकर रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इससे हृदय संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें शामिल हैं- रक्तचाप में वृद्धि, हृदय गति में गड़बड़ी, दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ना, एथेरोस्क्लेरोसिस, और असुरक्षित आबादी पर प्रभाव। हृदय विकार के कारण तेजी से होनेवाली असमय मौतों की गति को अधिक जागरूकता, बेहतर जाँच और जीवन रक्षक उपायों की बढ़ती उपलब्धता द्वारा काफी हद तक कम करने में कारगर साबित हो सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली अगर हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं तो ऐसी जीवनशैली को त्यागना ही बेहतर हैं। सरकार ने देश में व्यापक पैमाने पर फैले प्रदूषण, मिलावटखोरी और अस्वच्छता पर ठोस कदम उठाने चाहिए। संतुलित आहार लेना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। फलों और सब्जियों, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन और खनिजों का संतुलन बनाए रखें। जीवनशैली में रोजाना 30 मिनट व्यायाम को शामिल करके शुरुआत करें। कोई भी शारीरिक गतिविधि, हेल्दी हॉबी अच्छे हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाएँ और स्वस्थ वजन बनाए रखें। नमक, चीनी और वसा का सेवन हमेशा कम हों। हर रात 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लें। तंबाकू, शराब या अन्य कोई भी नशा हो, तुरंत छोड़ें। तनाव कम करने वाली गतिविधियाँ रोजमर्या के क्रम में शामिल करें। जीवन में आनेवाली समस्याएं समझदारी और विवेक से हल करें, तनाव न लें। अपने व्यस्त समय से रोजाना खुद के लिए थोडासा वक्त निकालकर हसी-खुशी के पल जियें, कभी अपना बचपना भी जियें। जीवन के हर पल खुशी के साथ जियें।

## शताब्दी महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर इंटर कॉलेज काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

**Faridabad/Alive News**

14 सितंबर 2025 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय इंटर कॉलेज प्रांगण में भव्य काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, अभिव्यक्ति कौशल और साहित्यिक चेतना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न महाविद्यालयों से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण में कहा कि 'हिंदी हमारी आत्मा की भाषा है और इसका संरक्षण तथा संवर्धन हम सबका कर्तव्य है।' इसके पश्चात प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत हुई।प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्रों ने देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा हिंदी गौरव जैसे विविध विषयों पर अपनी कविताओं का सजीव



और भावपूर्ण पाठ किया। प्रत्येक प्रतिभागी ने अपनी काव्य रचनाओं में भाषा की मधुरता, छंद की लयात्मकता और भावों की गहराई को प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता का संचालन हिंदी विभाग की डॉक्टर योगेश शर्मा ने किया, जिन्होंने हर प्रस्तुति को उत्साहवर्धक शब्दों से सराहा। निर्णायक मंडल में डॉ. सुप्रिया ढांडा (हिंदी साहित्यकार), डॉक्टर रेखा शर्मा (कवि व लेखक) सम्मिलित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों की अभिव्यक्ति, उच्चारण, प्रस्तुति शैली और काव्य की प्रभावशीलता के आधार पर मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम के दौरान दर्शकों में बैठी छात्र-छात्राओं ने भी कविताओं का आनंद लिया और बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गूंज उठा।

परिणाम की घोषणा में प्रथम स्थान स्नेहा -सरस्वती महाविद्यालय की छात्रा को, द्वितीय स्थान सारिका मिश्रा -राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा को तथा तृतीय स्थान सौम्या के एल मेहता दयानंद महाविद्यालय की छात्रा को प्राप्त हुआ। विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।सम्पूर्ण कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर ममता सह संयोजक डॉक्टर योगेश शर्मा, देवदत्त की देख रेख में संपन्न हुआ।

## स्मार्ट सिटी फरीदाबाद की सड़कों पर अंधेरा, स्ट्रीट लाइटों की कमी से लोगों की बढ़ी मुश्किलें

**Faridabad/Alive News**

स्मार्ट सिटी का दर्जा पाने वाला फरीदाबाद आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। शहर की कई मुख्य सड़कें अंधेरे में डूबी रहती हैं। कुछ सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगी ही नहीं हैं, अगर लाइट लगी भी है तो जल नहीं रही है। इससे शाम ढलते ही वाहन चालकों, राहगीर और खासकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**पॉवर हाउस रोड पर लाइटों का अभाव**

बाटा चौक से मुजेसर गांव को जोड़ने वाली पॉवर हाउस रोड पर कहीं भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। इसी सड़क पर एक शराब का ठेका भी है, जहां शाम होते ही कुछ असामाजिक तत्व जमा हो जाते हैं। इस कारण यहां से गुजरने वाली महिलाओं को अंधेरा होने के कारण डर का सामना करना पड़ता है।

**इंडस्ट्री एरिया में भी अंधेरा**

एनआईटी इंडस्ट्री एरिया की कई सड़कें भी अंधेरे में डूबी रहती हैं। ओसवाल कंपनी से लेकर व्हर्लपूल और फिर सारन चौक तक स्ट्रीट लाइटें तो लगी हुई हैं, लेकिन वे जलती ही नहीं। ऐसे में



रात के समय यहां से गुजरना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं होता। इन सड़कों पर अक्सर अंधेरा रहता है और अंधेरे के कारण मजदूरों से मोबाइल और पैसे छीनने की घटना हो चुकी है। कंपनियों में महिला मजदूर भी काम करती है और उनको सड़क पर अंधेरा होने की वजह से घर जाने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**सरूरपुर की सड़क पर दोहरी समस्या**

सरूरपुर इंडस्ट्री एरिया की हालत और खराब है। सोहना रोड से सरूरपुर गांव को जोड़ने वाली सड़क पर स्ट्रीट लाइटें नहीं हैं। इसके साथ ही यहां 15 साल पहले बना नाला बंद हो चुका है, जिससे सड़क पर पानी भर जाता है। अंधेरे और जलभराव के कारण वाहन चालकों और राहगीर दोनों को परेशानी होती है।

**लोगों की मांग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिया गया है, तो यहां की सड़कों पर कम से कम स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था तो होनी ही चाहिए। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन इलाकों में लाइट लगवाई जाए और खराब लाइटों को ठीक किया जाए, ताकि सुरक्षा और सुविधा दोनों सुनिश्चित हो सकें।

## सेहतपुर से सेक्टर 93 जाने वाले मार्ग के पास लगा कूड़े का ढेर, राहगीर परेशान

**Faridabad/Alive News**

सेहतपुर से सेक्टर 93 जाने वाले मार्ग के पास नाले के आस - पास कूड़े का ढेर जमा हो रक्खा है। इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों वाहन और पैदल राहगीर आवागमन करते है और कूड़े के ढेर होने की वजह से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे कूड़े के कारण कई बार जाम की स्थिति भी बन जाती है। कूड़े से उठती बदबू और मच्छरों के प्रकोप से बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।

सेक्टर 93 के पास नाले के आस - पास लोग रोजाना अपने घरों का कूड़ा फेंक कर चले जाते है। आस - पास खाने की बड़ी - बड़ी दुकानें भी है जिनके मालिक भी अपनी दुकानों का कूड़ा नाले के पास फेंक देते है जिस कारण अब वहां कूड़े का ढेर जमा हो गया है जो राहगीरों के लिए बीमारियों को दावत



दे रहा है। कूड़े के ढेर से बहुत बदबू आने लगी है साथ ही कूड़े के आस-पास मच्छर होने की वजह से डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

**क्या है सुझाव**

जल्द से जल्द नाले के पास से कूड़े के ढेर को हटाया जाए ताकि राहगीरों को आवाजाही में कोई परेशानी न हो।

लोगो व दुकानदारों को कूड़ा न डालने का निर्देश दिया जाए।

अगर फिर भी कोई कूड़ा डालता है तो उस व्यक्ति पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

## रानी की छतरी बनेगी पर्यटन आकर्षण का केंद्र : सतबीर मान

**Faridabad/Alive News**

प्रदेश सरकार में सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सेवा पखवाडा अभियान के तहत वीरवार को नारनौल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से बल्लभगढ़ स्थित रानी की छतरी समेत राज्य के 20 संरक्षित धरोहरों के 95 करोड़ रुपये से होने वाले जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की परियोजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस वर्चुअल कार्यक्रम का जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीसी सतबीर मान वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम से जुड़े।

विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



अपनी धरोहर सहेजने के संकल्प को हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गंभीरता से सिद्धि तक लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के केंद्र व राज्य संरक्षित ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के बाद उन्हें पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित करेगी, ताकि देसी, विदेशी पर्यटक प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से खुद को जोड़ सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर अपनी जगह बनाने के लिए निरंतर बड़े कदम उठा रहा है। केंद्र-प्रदेश सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व व सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरी संवेदनशीलता के कारण ही यह ऐतिहासिक पहल सम्भव हो पाई है।

एडीसी सतबीर मान ने बताया कि रानी की छतरी बल्लभगढ़, जिसे नाहर सिंह महल के पास शाही तालाब के किनारे एक ऐतिहासिक स्मारक के रूप में जाना जाता है, का निर्माण शासक अनरुद्ध सिंह की विधवा ने की थी, हालांकि नाहर सिंह महल के बारे में जानकारी बताती है कि यह राजा नाहर सिंह के महल के पास स्थित है। रानी की छतरी में शाही छतरियाँ और सीढ़ियां हैं जो शाही तालाब तक जाती हैं, जो कभी आगरा नहर से भरी होती थी। उन्होंने बताया कि 01 करोड़ 06 लाख 989 रुपये की लागत से रानी की छतरी के का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐतिहासिक साइट को साफ़-सुथरा और स्वच्छ बनाए और ऐतिहासिक साइट के आस-पास किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो। सरकार की संरक्षित धरोहरों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण परियोजनाओं को पर्यटन की दृष्टिगत लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे हमारी युवा पीढ़ी अपने प्राचीन कालीन इतिहास के बारे में जानकारी हासिल कर सकेगी।

## पल्ला पुल पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी न होने से लगा रहता हैं घंटों भीषण जाम

**Faridabad/Alive News**

पल्ला पुल पर कुछ दिनो से ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति के कारण लोग घंटों जाम में फंसे रहते है। पुल पर वाहनों की कतारें बढ़ने पर सवारी और वाणिज्य वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पुराना पल्ला पुल से अभी भी हर रोज सुबह शाम हजार वाहनों का आवागमन होता है। आज बुधवार के दिन भी सुबह से ही काफी भीषण जाम लगा रहा। जगह जगह वाहनों की लंबी कतार देखी गई। इस बीच बढ़ती हुई गाड़ियों के ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए कोई भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी दिखाई नहीं दिया। इसके चलते दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन थम-सा गया था। जाम की वजह से कई लोग देरी से बचने के लिए पैदल जाते दिखाई दिये।

**क्या कहना है राहगीर का**

जाम के कारण उनके रोज के




कारोबार पर काफी असर पड़ रहा है। ऐसा कई बार हुआ है कि जाम लगा हुआ है और कोई भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी उस ट्रैफिक को क्लियर करने के लिए मौजूद नहीं है।

**-राम सिंह, स्थानीय व्यापारी।**

मैं हर रोज इस पुल से आवागमन करता हूं। सुबह के ऑफिस जाते समय पल्ला पुल पर जाम के कारण लेट होना पड़ता है। यहां कई बार कोई पुलिस कर्मी नही होता। इस वजह से वाहन घंटों जाम में फंसे रहते हैं।

**-राजकुमार, दैनिक राहगीर।**

## नाला ओवरफ्लो होने से जलभराव, लोगों की सेहत पर पड़ा असर

**Faridabad/Alive News**

पल्ला से सेहतपुर को जाने वाली सड़क पर इन दिनों नाला ओवरफ्लो होने से जलभराव हो रहा है। इस जलभराव के कारण वाहनों के साथ - साथ लोगों की सेहत खराब हो रही है। पल्ला से सेहतपुर जाने वाले मार्ग पर तरुण निकेतन पब्लिक स्कूल के पास बीते दिन हुई बारिश के कारण नालियों का पानी ओवरफ्लो हो गया है और अब यह पानी सड़क पर आ गया है जिससे सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर पानी भर जाने से बड़े- बड़े वाहन तो यहां से आसानी से निकल जाते है लेकिन दो पहिया वाहन का यहां से आना - जाना में काफी परेशानी हो रही है साथ ही इस सड़क पर बड़े - बड़े गड्ढे है जो जलभराव अधिक होने का कारण सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे है जिस कारण दो पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। इस सड़क के नालों के निर्माण को लेकर समाजसेवियों ने कई बार यहां धर्ना प्रदर्शन भी किये है। लेकिन नगर निगम प्रशासन इस ओर कोई भी ध्यान नही दे रहा है। इस सड़क से लाखों की संख्या में लोग हर रोज आवागमन करते है। सांसदों और विधायकों के दावे भी खोखले पड़ गए है और पार्षद तो इस नाले के निर्माण के लिए खरे नहीं उतर सकते है।

**क्या कहना स्थानीय निवासियों का**

नालियों की नियमित सफाई न होने और बरसात का पानी सही तरीके से निकलने का प्रबंध न होने की वजह से सड़क पर हर समय पानी भरा रहता है। इस कारण मार्ग से गुजरने



वाले वाहनों को खतरे का सामना भी करना पड़ रहा है, वहीं पैदल यात्रियों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

**- हिमांशु, स्थानीय निवासी**

बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी नगर निगम और संबंधित विभाग इस नाला ओवरफ्लो की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसकी वजह से आए दिन जलभराव की स्थिति बनी रहती है। यदि जल्द ही नालियों की सफाई और मरम्मत नहीं की गई तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है।

## रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सहित समाजसेवियों को पत्र भेंट कर किया सम्मानित



**Faridabad/Alive News**

रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा 293 दिनों से चल रहे धरने में सहयोग व समर्थन देने वाले 240 संस्थाओं सहित 160 समाजसेवियों को संयोजक सतीश चोपड़ा के नेतृत्व में फरीदाबाद की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने सम्मान पत्र भेंट किए। इस अवसर पर मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति का धरना लगातार 293 दिनों तक सभी संस्थाओं के सहयोग से चला। इस धरने का उद्देश्य केवल और केवल फरीदाबाद जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के सहयोग से प्रदेश भर की स्वास्थ्य सेवाओं में अमूलचूक सुधार किए जा रहे है, ताकि प्रदेश की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा ने कहा कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजय भाटिया के मार्गदर्शन में धरना 293 दिनों तक शांतिपूर्वक चला। धरने ने कई उतार-चढ़ाव देखें लेकिन सहयोगी टीम पहाड़ की मजबूती से डटी रही और जिसका परिणाम है कि बुधवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक सतीश फागना धरना स्थल पर पहुंचे और सभी मांगों को मानते हुए उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर मेयर जोशी के अलावा डीएसपी रेलवे राजेश चेची, सरदार उपकार सिंह, प्रितपाल सिंह, प्रमोद भड़ाना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## वायदा खिलाफी के खिलाफ नगर निगम कर्मचारियों का प्रदर्शन, 6 अक्टूबर को होगी विचार गोष्ठी और फिर महारैली

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए आज नगर निगम कर्मचारियों ने सेक्टर-12 स्थित जिला उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का ज्ञापन तहसीलदार बल्लभगढ़ भूमिक लाम्बा को सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाए ताकि उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप सिंह बहोत की अध्यक्षता में हुई सभा का संचालन जिला सचिव अनिल चंडालिया ने किया। सभा और प्रदर्शन में कई यूनियनों के नेता व कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार ने सफाई कर्मचारियों से 27,000 रुपए वेतन बढ़ोतरी का वादा किया था लेकिन कुछ कर्मचारियों को केवल 2,100 रुपये का ही लाभ मिला है। इससे कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने



कहा कि सरकार लगातार सफाई कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने मांग की कि ठेका प्रथा खत्म कर सभी सफाई कर्मचारियों को स्थायी किया जाए और नियमित भर्ती की जाए। कर्मचारियों ने ऐलान किया कि 6 अक्टूबर को महर्षि गुरु वाल्मीकि जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और इसके बाद मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र पर महा रैली होगी। यदि तब तक मांगे पूरी नहीं हुई तो मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच किया जाएगा।

शास्त्री ने कहा कि 2 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली महारैली में बड़े आंदोलन का ऐलान किया जाएगा।

## मुंबई में भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती पर भावपूर्ण कार्यक्रम, दिनेश शाहरा फाउंडेशन ने बच्चों के संग किया आयोजन

**Faridabad/Alive News**

भारत रत्न से सम्मानित महान संगीतकार, कवि और फिल्मकार डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती पर दिनेश शाहरा फाउंडेशन (डीएसएफ) ने कवले मठ बीएमसी स्कूल, मालाबार हिल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।इस मौके पर भूपेन दा को श्रद्धांजलि दी गई और बच्चों व अतिथियों ने मिलकर 'भूपेन जी अमर रहें' के नारे लगाए। डॉ. दिनेश शाहरा ने भी बच्चों के साथ उनका एक गीत गाकर माहौल को सुरमयी और भावुक बना दिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'शिक्षित भारत - विकसित भारत' संदेश को रेखांकित करते हुए कहा गया कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें जीवन मूल्यों का समावेश जरूरी है। फाउंडेशन की ओर से बच्चों को पौधे, स्टेशनरी किट्स और पौष्टिक नाश्ता भी वितरित किया गया। डॉ. दिनेश शाहरा ने कहा, 'सच्ची शिक्षा वही है जो बुद्धि के साथ चरित्र का भी निर्माण करे। संगीत, संस्कृति और




मानवीय मूल्य बच्चों को भेदभाव से ऊपर उठकर समाज में सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा देते हैं। ध्रस्न का लक्ष्य बच्चों को ऐसी शिक्षा देना है जो उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाए।' विद्यालय की प्राचार्या सायली पाटिल ने आभार जताते हुए कहा, 'डॉ. शाहरा का शिक्षा और मानवीय मूल्यों को जोड़ने का यह प्रयास हमारे विद्यार्थियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे बच्चों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बढ़ेगी।' कार्यक्रम का समापन छात्रों और अतिथियों द्वारा इस संकल्प के साथ हुआ कि वे करुणा, एकता और सेवा जैसे मूल्यों को आगे बढ़ाएंगे और शिक्षा के व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ राष्ट्र की प्रगति का साधन बनाएंगे।

## राहुल कॉलोनी में तोड़फोड़ का नोटिस, लोग पहुंचे निगम कार्यालय



**Faridabad/Alive News**

राहुल कॉलोनी के निवासी शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचे और तोड़फोड़ नोटिस के खिलाफ विरोध जताया। निगम प्रशासन ने 24 सितंबर को तोड़फोड़ संबंधी नोटिस जारी किया था, जिसे 25 सितंबर को कॉलोनी में चस्पा किया गया। नोटिस के अनुसार तीन दिन का समय दिया गया है, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। कॉलोनी निवासियों का कहना है कि दशकों से वे राहुल कॉलोनी में रह रहे हैं। अब अचानक तीन दिन में घर खाली करने का नोटिस जारी कर देना उनके साथ अन्याय है। लोगों का आरोप है कि चुनावों से पहले नेताओं ने वादा किया था कि कॉलोनी को पक्की की जाएगी, सीवर, पानी और सड़कों की सुविधा दी जाएगी, लेकिन अब उसी कॉलोनी को हटाने की तैयारी की जा रही है। एक निवासी ने कहा, 'जीतने से पहले नेताओं ने कहा था कि तुम्हारी कॉलोनी को पक्का करवाएंगे, नल-सीवर डलवाएंगे, लेकिन अब टूटी-फूटी कॉलोनी को ही उजाड़ने का नोटिस लगा दिया।' लोगों का कहना है कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत वैकल्पिक व्यवस्था दी जाए, तभी वे कहीं और जाएंगे। कई लोगों ने यह भी मांग रखी कि यदि सरकार उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहती है तो सरकारी रेट पर उन्हें पक्का मुआवजा और रजिस्ट्री दी जाए। निगम कार्यालय पर भारी भीड़ उमड़ी और कॉलोनीवासी अंदर जाकर जॉइंट कमिश्नर से मिलने पहुंचे। कॉलोनी निवासियों ने कहा कि वे अपनी 'जन्मभूमि' छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे और अगर तोड़फोड़ की कार्रवाई हुई तो वे मजबूरन विरोध करेंगे। फिलहाल लोग नगर निगम के आश्वासन का इंतजार कर रहे हैं कि आगे उनके साथ क्या होगा।

## एनआईटी 5 के श्री तत्कालेश्वर शिव मंदिर में नवमी की तैयारियां जोरों- शोरों पर

**Faridabad/Alive News**

फरीदाबाद में मंदिर तो बहुत है लेकिन श्रद्धालुओं की मान्यता को तुरंत पूरा करने के लिए एनआईटी 5 स्थिति श्री तत्कालेश्वर शिव मंदिर ही प्रसिद्ध है यह बात मंदिर के मेहनत पंडित मनोज शास्त्री ने कही। श्री तत्कालेश्वर शिव मंदिर के मेहनत पंडित संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि



नवरात्रि के इन पावन अवसर पर मंदिर में रोजाना सुबह छह से सात बजे तक हवन होता है। जिसके बाद मां की आरती की जाती है। शाम साढ़े छह से आठ बजे तक मंदिर की कमेटी द्वार भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। मंदिर में सुबह सुबह साढ़े चार बजे मां दुर्गा की मंगला आरती की जाती है।

**क्या कहना है मंदिर के प्रधान का :** मंदिर के प्रधान महेश बजाज ने कहा कि अब जब नवमी नजदीक आ रही है तो उसके लिए मंदिर में तैयारियां जोरों- शोरों पर है नवमी को सुबह मंदिर में चंडी यज्ञ किया जाएगा। जिसके बाद साढ़े दस बजे से बारह बजे तक माता की चौकी की पूजा की जाएगी। बारह बजे कन्याओं को मंदिर में बुलाकर कन्या पूजन किया जाएगा। साथ ही मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ होने की भी संभावना बनी हुई है। तो भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की सहायता ली जाएगी।

## 30 सितंबर तक हो सकेंगे आईटीआई में दाखिले




**Faridabad/Alive News**

स्नातक के विभिन्न कोर्स में दाखिला के लिए छात्रों के पास सिर्फ चार दिन शेष रह गए है। छात्र मंगलवार तक दाखिला ले सकते है। इस संबंध में उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने सूचना जारी की है कि छात्रों को अंतिम मौका देते हुए 30 सितंबर तक दिया गया है।

कॉलेज और छात्र की मांग के बाद दोबारा दाखिला के लिए पोर्टल को खोला गया है। यह सुविधा उन विद्यार्थियों के लिए है जो किसी कारणवश पहले आवेदन नहीं कर पाए थे या जिनके दाखिले समय पर पूरे नहीं हो पाए थे। व्हाट्सएप ग्रुप, फोन और अन्य माध्यम से विद्यार्थियों को पोर्टल खुलने के बारे में अवगत कराया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी अंतिम अवसर का फायदा उठाकर दाखिला ले सकें। जिले के निजी और राजकीय कॉलेज में अभी भी कुछ कोर्स में सीटें रिक्त बच गई है।

कॉलेज में दाखिला के लिए छात्र पहुंच रहे, कालेज प्रबंधनों का कहना है कि जल्द रिक्त सीटें भी भर जाएगी। जिला के नौ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भी विद्यार्थियों को दाखिला के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया है। आईटीआई में दाखिल प्रक्रिया जून से शुरू हुई थी अभी तक लगभग सभी आईटीआई में 78-80 प्रतिशत सीटों पर दाखिला हो चुके है। अंतिम तिथि तक उम्मीद है कि सभी सीटों पर दाखिला हो जाएंगे। आईटीआई में एक सितंबर से शैक्षणिक सत्र 2025 की शुरुआत हो चुकी है। नियमित रूप से कक्षाएं आयोजित हो रही है। दाखिला से संबंधित अधिक जानकारी के लिए छात्र पोर्टल और आईटीआई जाकर प्राप्त कर सकते है।

**क्या कहना है सह नोडल अधिकारी**

जिन छात्रों ने अप्लाई किया था, लेकिन दाखिला नहीं ले सके उनके पास मंगलवार तक का मौका है। आईटीआई में दाखिला ले सकते है इसके बाद अंतिम तिथि बढ़ाने की संभावना कम है, क्योंकि शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। ऐसे में विद्यार्थी दाखिला के जल्दी नजदीक की आईटीआई में पहुंचे।

## कुपोषण मुक्त समाज के लिए संतुलित आहार है आधारः एडीसी

**Faridabad/Alive News**

वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान की अध्यक्षता में पोषण अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक मनाए जा रहे पोषण माह-2025 की जिला स्तरीय अभिसरण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं विकास विभाग, आयुष, सेवा निर्माण, खाद्य आपूर्ति विभाग एवं जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी मिनाक्षी चौधरी ने विभाग द्वारा भेजे गए गतिविधि कैलेंडर की जानकारी साझा की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कुपोषण की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा कि इसे जड़ से समाप्त करने का एकमात्र समाधान संतुलित आहार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आठवें राष्ट्रीय पोषण माह-2025 को सफल बनाने हेतु अधिकतम जागरूकता सुनिश्चित करें और इस अभियान को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ें। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि पोषण माह और सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों को हर्षोल्लास के



साथ तथा समाज की सक्रिय भागीदारी से मनाया जाए, ताकि आमजन में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता बढ़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी समन्वय से स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।


बैठक में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जिले में पौधारोपण गतिविधियों को गति देने पर भी चर्चा हुई। जिला संयोजक (पोषण अभियान) गीतिका सभरवाल ने सभी विभागों को अपनी गतिविधियों को समय पर जन आंदोलन पटल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

बैठक में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. मंजू श्योरान, सुशीला सिंह, स्मिता कुमारी, डॉ. मनीषा लम्बा, खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. मान सिंह, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक आदित्य कौशिक, कार्यकारी अभियन्ता पंचायत राज परवीन गोठवाल, राकेट लर्निंग एन.जी.ओ. के प्रतिनिधि तथा पर्यवेक्षक वर्ग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## श्री वैष्णो देवी मंदिर में मां कुष्मांडा की भव्य पूजा में पहुंचे विधायक , टेका माथा

**Faridabad/Alive News**

महारानी श्री वैष्णो देवी मंदिर में चौथे नवरात्रि पर मां कुष्मांडा की भव्य पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल रहा।विशेष तौर पर एन आई टी क्षेत्र से भाजपा विधायक सतीश फागना मां के दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने मां कुष्मांडा के चरणों में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने विधायक को माता की चुनरी और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक सतीश फागना ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर मां कुष्मांडा की आराधना करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रदीप झाम, आदित्य विरमानी और साहिल भी मौजूद रहे। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश



भाटिया ने श्रद्धालुओं को बताया कि चौथे नवरात्रि को मां दुर्गा के स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि मां कुष्मांडा ने सृष्टि की रचना की थी। उनकी पूजा से दुख-दरिद्रता दूर होती है और बुध ग्रह का दोष समाप्त होता है।

मां कुष्मांडा को अष्टभुजा भी कहा जाता है क्योंकि उनके आठ भुजाएं हैं। वे जपमाला, धनुष, बाण, कमंडल, कमल, अमृतपूर्ण कलश, चक्र और गदा धारण करती हैं। भक्तों का विश्वास है कि मां की आराधना से बुद्धि, सकारात्मक सोच और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## भारत विकास परिषद ने दिव्यांग एवं बुजुर्गों को वितरित किया सेवा उपकरण

**Faridabad/Alive News**

भारत विकास परिषद, महानगर जिला कार्यालय सेक्टर-2 ने दिव्यांग एवं बुजुर्ग जनों के लिए सेवा उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता महानगर जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने की। समारोह को संबोधित करते हुए सोहन पाल सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक सेवा और सहयोग की भावना पहुंचाना है। भारतीय संस्कृति में दिव्यांगों और बुजुर्गों की सेवा को पुनीत कार्य ही नहीं बल्कि धर्म माना गया है। उन्होंने परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नेक कार्यों में सभी को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग एवं बुजुर्ग जनों को व्हीलचेयर, बैसाखी,





श्रवण यंत्र और अन्य आवश्यक सेवा उपकरण वितरित किया गया। इस मानवीय पहल से लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। इस मौके पर जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, जिला सचिव नवीन चेची, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता राघव, महिला संयोजक (विवेकानंद शाखा) प्रभा सोलंकी और सेवा प्रकल्प सदस्य मोनिका गुप्ता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित।

## मुख्यमंत्री करेंगे द्वितीय सूरजकुंड दीवाली मेले का उद्घाटन, स्टॉल बुकिंग का दिख रहा क्रेज

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा पर्यटन विभाग 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक सूरजकुंड प्रांगण में द्वितीय सूरजकुंड दीवाली मेला का आयोजन करेगी। यह मेला ÷हम परिवारों को जोड़ते हैं÷ थीम पर आधारित होगा, जिसमें दीपावली की रौनक, स्वदेशी उत्पाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। मेले का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे।

मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और स्टॉल बुकिंग में लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक 350 से अधिक स्टॉल बुक हो चुके हैं, जबकि यह संख्या जल्द ही 500 तक पहुंचने की उम्मीद है।



आगंतुकों के लिए टिकट मूल्य 100 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है, वहीं विद्यार्थियों को टिकट बुकिंग पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

हरियाणा पर्यटन विभाग ने टिकट बुकिंग की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विशेष क्यू आर कोड और ऑनलाइन पोर्टल (https://mela.haryanatourism.gov.in/e/diwali-mela) जारी किया है जिसके माध्यम से दर्शक घर बैठे टिकट बुक कर सकते हैं।

सांस्कृतिक कैलेंडर के अनुसार 2 अक्टूबर को प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना मीनू ठाकुर अपनी प्रस्तुति देंगी। 3 अक्टूबर को एन जी एफ कॉलेज, पलवल के युवा डिजाइनर फैशन शो प्रस्तुत करेंगे। 4 अक्टूबर को पंजाबी गायक दिपेश राय, 5 अक्टूबर को इंडियन आइडल फेम सलमान अली और 6 अक्टूबर को हिमाचल पुलिस बैंड अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहेंगे। मेले का समापन 7 अक्टूबर को भव्य क्लोजिंग सेरेमनी के साथ होगा।

# चंदावली में महापौर ने किया श्रमदान, रक्तदाताओं व सफाईकर्मियों का किया सम्मान

**Faridabad/Alive News**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और मुख्यमंत्री नायब सिंह के विकसित हरियाणा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए फरीदाबाद नगर निगम की महापौर प्रवीण बत्तरा जोशी ने वीरवार को गांव चंदावली में श्रमदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

महापौर ने कहा कि जब हर गांव और शहर विकसित होगा, तभी मोदी जी का सपना पूरा होगा। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने श्रमदान से की और ग्रामीणों के साथ मिलकर झाड़ू लगाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय



पार्षद प्रदीप टोंगर के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में महापौर ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, इससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस मौके पर महापौर ने सफाई मित्रों का सम्मान भी किया और ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वच्छता को आदत बनाएं। उन्होंने बताया कि नगर निगम अब हर वार्ड में विशेष सफाई अभियान चला रहा है। जेसीबी, ट्रैक्टर और कर्मचारी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही, वार्ड स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण होगा, जिसमें प्रथम आने वाले वार्ड को एक करोड़ रुपये का अतिरिक्त काम मिलेगा। महापौर ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और निगम अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि पखवाड़े में समाधान न हो तो लोग पार्षद के साथ सीधे उनसे मिलें। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने महापौर का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर निगम की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा, संयुक्त आयुक्त और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ाः निगम आयुक्त ने किया श्रमदान, दिया स्वच्छता का संदेश

**Faridabad/Alive News**

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने शुक्रवार को सनफ्लैग और मेट्रो हॉस्पिटल रोड पर श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

इस मौके पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखने में सहयोग करें और प्लास्टिक कचरे व प्रतिबंधित पॉलिथिन से बचें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हम सभी की साझा जिम्मेदारी है और सेवा पखवाड़ा जैसे अभियान शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का अवसर देते हैं।

कार्यक्रम में पार्षद कुलदीप साहनी और शेफाली सिंगला के



साथ मेट्रो हॉस्पिटल के करीब 50 कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। सड़क पर फैला प्लास्टिक और कचरा निगम आयुक्त ने स्वयं उठाया और लोगों को साफ-सफाई में भागीदार बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित पार्षदों, मेट्रो हॉस्पिटल कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी अभियान की सराहना की और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ओल्ड फरीदाबाद के जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार, सफाई निरीक्षक जयवीर चौहान और क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी धूमधाम मनाएगी 25वां दशहरा

**Faridabad/Alive News**

श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी ने 25वां दशहरा बराही तालाब ओल्ड फरीदाबाद में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों कमेटी के प्रधान सन्नी नारंग की देखरेख में की जा रही है साथ ही दशहरे की तैयारियों के अंतिम चरण में आज गुरुवार को एक मीटिंग का आयोजन सभी सदस्यों के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परविंदर मल्होत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार दशहरे पर ऑपरेशन सिंदूर की झलक के साथ कई भव्य सुंदर झांकियां देखने को मिलेगी। वहीं उन्होंने बताया की आगामी 29 सितंबर को गोपी कालोनी चौक स्थित श्री प्रेम प्रकाश आश्रम से महावीर स्वरूप में सेवादार विशेष दडोंत यात्रा ओल्ड फरीदाबाद शहर के बाजारों से होते हुए निकालेंगे जो वापिस आश्रम तक पहुंचेगी । जिसके लिए तमाम सेवादार चालीस दिन पहले से ही व्रत रखते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार रावण का पुतला मुख्य आकर्षण का केंद्र रहने वाला है क्योंकि कारीगरों द्वारा जहां रावण के



पुतले में विशेष लाइटिंग देखने को मिलेगी वही रावण के हाथ में पकड़ी हुई तलवार हाथ समेत लहराती हुई नजर आएगी। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर , कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राजनीतिक सचिव मुख्यमंत्री अजय गौड़ , भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल , पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी , पार्षद सचिन शर्मा , युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन ठाकुर , युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत आर्य विशेष रूप से कार्यक्रम में शिरकत करेंगे ।

वहीं आज की इस मीटिंग में पूर्व पार्षद सुभाष आहूजा , सखी सरवर बिरादरी के प्रधान पवन डावर , समाजसेवी हंस आहूजा , अशोक ढींगड़ा, कार्यक्रम के सह अध्यक्ष सतीश आहूजा एडवोकेट, कोषाध्यक्ष हेमंत खुराना, उपप्रधान संजय अरोड़ा, महासचिव पीयूष ग्रोवर, समाजसेवी पंकज नारंग , सह मेला मंत्री सचिन सैनी , शुभम अरोड़ा , रिंकू गर्ग प्रधान सेंट्रल मार्किट व अन्य सेवादार मौजूद रहे। जिन्होंने आगामी 29 सितंबर को होने वाली दडोंत यात्रा में शामिल होने , 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व में शामिल होने व 3 अक्टूबर को भरत मिलाप मेले में शामिल होने का सभी शहरवासियों को निमंत्रण दिया।

# मुख्यमंत्री करेंगे योजना के मोबाइल एप का ऑनलाइन शुभारंभ : एडीसी

**Faridabad/Alive News**

आज बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' का शुभारंभ 25 दिसंबर 2025 को किये जाने को लेकर कार्यालय में जिला समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आरटीओ विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

एडीसी सतबीर मान ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला से इस योजना के मोबाइल एप का शुभारंभ करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण ऑनलाइन माध्यम से जिला में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। फरीदाबाद में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महाबीर कम्युनिटी सेंटर तथा मंडल स्तरीय कार्यक्रम बल्लभगढ़ एमसीएफ ऑडिटोरियम में होगा और साथ ही ग्राम स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, एनआईटी विधायक सतीश फागना शिरकत करेंगे और



मंडल स्तरीय कार्यक्रम में बल्लभगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा तथा टेकचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

एडीसी सतबीर मान ने कहा कि एप के शुभारंभ अवसर के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के लिए सभी स्वास्थ्य जांच केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये जाएंगे। उन्होंने योजना से संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस योजना के शुभारम्भ कार्यक्रम की व्यवस्था बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना की पात्र महिलाओं से क्रीड की टीम संपर्क कर पंजीकरण के लिए प्रेरित करेगी तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्वास्थ्य जांच शिविरों के लिए महिलाओं को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही आधार और परिवार पहचान त्रुटिकरण के लिए स्टॉल भी लगाए जाएंगे। बैठक के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने संबंधित अधिकारियों के साथ महाबीर कम्युनिटी सेंटर का दौरा कर आगामी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मूर्ति दलाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष की पत्नी का निधन

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष व एयर फोर्स रोड व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा की धर्मपत्नी किरण जुनेजा का स्वर्गवास हो गया। श्रीमती किरण जुनेजा अपने पीछे एक पुत्र गौरव जुनेजा व पुत्री कनिका के अलावा भतीज जगदीश जुनेजा, मनीष जुनेजा से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा एन.एच. तीन ई ब्लॉक से चलकर सैनिक कालोनी स्थित शमशान घाट पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।



उनके निधन पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक धनेश अदलखा, सतीश फागना, मेयर प्रवीण जोशी, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, पूर्व विधायक चंदर भाटिया, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा, पूर्व पार्षद योगेश ढींगड़ा, पार्षद नीरज भाटिया, महेश लोहिया, भगवान सिंह, सुमन बाला, मनोज नासवा, हरिकृष्ण गिरोटी, जसवंत सिंह, प्रेम सिंह खट्टर, सागर दुआ, जगदीश जुनेजा, मनीष जुनेजा के अलावा लोगों शोक व्यक्त किया।

# फरीदाबाद पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर और आईटीआई सेक्टर-18 में किया जागरूकता कार्यक्रम



**Faridabad/Alive News**

'सेवा पखवाड़ा' के तहत फरीदाबाद पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर और गवर्नमेंट आईटीआई सेक्टर-18 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। ट्रांसपोर्ट नगर में पुलिस टीम ने ड्राइवरों और मालिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी और उनका पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डायल 112, महिलाओं के खिलाफ अपराध और साइबर क्राइम से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने नशे के दुष्परिणाम भी बताए। इस मौके पर डॉक्टरों की टीम ने ड्राइवरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके अलावा वीडियो वन के माध्यम से भी जागरूकता फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम के अंत में हैवी व्हीकल चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। गवर्नमेंट आईटीआई सेक्टर-18 में भी छात्रों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां विद्यार्थियों को डायल 112 ऐप डाउनलोड कराया गया और साइबर क्राइम, महिलाओं की सुरक्षा तथा नशे के नुकसान के बारे में जानकारी दी गई।

# फरीदाबाद में बिकने लगे रावण, नहीं पहुंच रहे है खरीदारी

**Faridabad/Alive News**

विजयदशमी पर्व को लेकर शहर में जगह -जगह रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। कारीगर बांस, कपड़ा और रंग-बिरंगी कागज की सजावट से रावण व अन्य पुतलों का निर्माण कर रहे हैं। कारीगर करीना ने जानकारी देते हुए बताया कि वह पिछले 3 साल से रावण,मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले बनाने का काम कर रही है। इस पुतलों को निर्माण वह दशहरा के तीन महीने पहले से बनाना शुरू कर देनी है।

प्रत्येक पुतले का रेट उसके साइज के अनुसार होता है। अब तक इन पुतलों को बनाने में करीब 30 हजार रुपये की लागत लगाई जा चुकी है। बढ़ती महंगाई और जगह जगह रावण बनाने वालों कारीगरों की दुकान के कारण इस बार उनकी बोनी भी नहीं हुई है। हर साल पुतलों की बिक्री के कारण उनके आने वाले त्योहारों और रोजाना का खर्चा निकल जाता था पर इस बार तो पता नहीं कैसे उनके खर्चे पूरे होगे।



कारीगर सुरेश ने कहा कि इस बार लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं, इसलिए हम पुतलों में प्लास्टिक का प्रयोग बिल्कुल नहीं कर रहे। बांस, लकड़ी और कागज का ही इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि प्रदूषण कम फैले। कारीगर रामपाल ने कहा कि इस बार मांग पिछले साल से ज्यादा है। उन्हें हर साल दशहरे का इंतजार रहता है, क्योंकि इसी मौके पर उन्हें उनकी कारीगरी देखने का मौका मिलती है। इस बार उन्होंने पुतलों में नए डिजाइन और आकर्षक रंगों का इस्तेमाल किया है, ताकि बच्चे और बड़े दोनों आकर्षित हों।

# हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य बने नरवीर मलिक



**Faridabad/Alive News**

हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन के बैनर तले हाल ही में हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में फरीदाबाद जिले के नरवीर मलिक को कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया। उनकी इस नियुक्ति से जिले के खेल प्रेमियों और कराटे खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। स्थानीय खेल जगत से जुड़े लोगों ने इसे फरीदाबाद के लिए गर्व का विषय बताया है। नरवीर मलिक की नियुक्ति को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई। उनका मानना है कि नरवीर मलिक लंबे समय से कराटे खेल को बढ़ावा देने में सक्रिय रहे हैं। उनकी मेहनत और लगन से फरीदाबाद जिले के कई युवा कराटे खेल में अपना नाम रोशन कर चुके हैं। कार्यकारिणी सदस्य बनने से उन्हें अब प्रदेश स्तर पर खिलाड़ियों की समस्याओं को उठाने और कराटे खेल को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

# औद्योगिक नगरी में अब वार्ड स्तर पर होगा स्वच्छता सर्वेक्षण

**Faridabad/Alive News**

औद्योगिक नगरी में अब वार्ड स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण कराया जाएगा। विजेता को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार मिलेगा। दूसरे स्थान पर रहने वाले वार्ड को 50 लाख रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाले वार्ड को 25 लाख रुपये मिलेंगे। यह राशि विकास परियोजनाओं पर खर्च की जाएगी। सर्वेक्षण के लिए निगम द्वारा एक समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति विभिन्न वार्डों का दौरा कर सर्वेक्षण करेगी। बाद में निगम में शामिल हुए गांवों का सर्वेक्षण अलग से किया जाएगा।

यह जानकारी सोमवार को गोल्फ क्लब में आयोजित बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने पार्षदों को दी। इस अवसर पर एनआईटी विधायक सतीश फागना, बड़खल विधायक धनेश अदलखा



और निगम अधिकारी भी मौजूद रहे। वार्ड स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण कराने वाला फरीदाबाद प्रदेश का पहला जिला होगा।

**स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए निगम द्वारा गठित की जाएगी समितिः** निगम द्वारा एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा। इसके अलावा, सभी वार्डों में सफाई निरीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। वर्तमान में, सभी वार्डों में सफाई कर्मचारियों की संख्या समान नहीं है। पार्षद नियमित रूप से नगर आयुक्त से इस बारे में शिकायत करते हैं। परिणामस्वरूप, सभी वार्डों में समान संख्या में सफाई कर्मचारी नियुक्त किए जाएँगे। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक वार्ड को स्वच्छता अभियान के लिए एक डंपर, चार जेसीबी और चार ट्रैक्टर-ट्रॉली उपलब्ध कराई जाएँगी। नगर निगम अपने कोष से पुरस्कार राशि प्रदान करेगा। स्वच्छता सर्वेक्षण में विजेता वार्ड को निगम पुरस्कार राशि प्रदान करेगा। निगम के अनुसार, वह प्रत्येक वार्ड में विकास परियोजनाओं पर खर्च किए गए बजट को विजेता राशि में परिवर्तित करेगा। इससे न केवल सभी वार्डों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, बल्कि वे विजेता राशि का उपयोग अपने वार्डों में विकास कार्यों के लिए भी कर सकेंगे।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# सूरजकुंड में 2 से 7 अक्टूबर तक सजेगा द्वितीय सूरजकुंड दीवाली मेला

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2025 तक सूरजकुंड मेले के प्रांगण में द्वितीय सूरजकुंड दिवाली मेला आयोजित किया जाएगा। यह भव्य आयोजन 'आत्मनिर्भर भारत - स्वदेशी मेला' की थीम पर आधारित होगा, जिसमें दिवाली की रौनक, स्वदेशी उत्पाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और मनोरंजन का संगम देखने को मिलेगा। मेले के दौरान सांस्कृतिक कैलेंडर के अंतर्गत देशभर से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। 2 अक्टूबर को प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना मीनू ठाकुर अपने विशेष नृत्य प्रदर्शन से मेले की शुरुआत करेंगी। 3 अक्टूबर को एनजीएफ कॉलेज, पलवल के युवा फैशन डिजाइनर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 4 अक्टूबर को पंजाबी गायक दिपेश राय अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को




मंत्रमुग्ध करेंगे। 5 अक्टूबर को 'इंडियन आइडल' फेम सलमान अली अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का दिल जीतेंगे। 6 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक धुनों से सजी प्रस्तुति हिमाचल पुलिस बैंड द्वारा दी जाएगी। मेले का समापन 7 अक्टूबर को रंगारंग क्लोजिंग सेरेमनी के साथ होगा। मेले में हस्तशिल्प उत्पाद, पारंपरिक परिधान, गृह सज्जा की वस्तुएं, स्वदेशी सामान, स्वादिष्ट व्यंजन और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण होंगी।

इसके साथ ही सांस्कृतिक संध्या, फूड बाज़ार और स्टार परफॉर्मेंस इस मेले को खास बनाएंगे। इस अवसर पर मेले में भाग लेने के इच्छुक उद्यमी, शिल्पकार और व्यापारी अपने स्टॉल के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, दर्शकों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। हरियाणा पर्यटन विभाग ने इसके लिए विशेष क्यूआर कोड जारी किया है, जिसे स्कैन करके स्टॉल पंजीकरण एवं टिकट बुकिंग आसानी से की जा सकती है।

# फरीदाबाद में स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक, जियो फेसिंग हाजिरी सिस्टम का विरोध

**Faridabad/Alive News**

नगर निगम सभागार में हरियाणा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला इकाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य प्रधान शर्मिला, वरिष्ठ उप प्रधान सुदेश और प्रांतीय कैशियर धर्मवीर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कर्मचारियों ने जियो फेसिंग आधारित हाजिरी सिस्टम का विरोध किया। उनका कहना था कि बिना जरूरी साधन और उपकरण दिए इस सिस्टम को लागू करना उचित नहीं है। संघ ने एनएचएम कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह वर्दी भत्ता, यात्रा भत्ता और समान काम समान वेतन देने की मांग रखी। साथ ही सेवा निवृत्ति पर ग्रैच्युटी देने, स्वास्थ्य कर्मचारियों व सुपरवाइजरों को प्रमोशन देने, नए पद सृजित करने और रिक्त पदों को भरने की बात कही गई। राज्य प्रधान शर्मिला ने घोषणा की कि कर्मचारी इस अधूरे जियो फेसिंग सिस्टम का बहिष्कार करेंगे। पूर्व राज्य प्रधान आशा शर्मा ने कहा कि अगर सरकार इसे लागू करना चाहती है तो कर्मचारियों को स्मार्टफोन, लैपटॉप, वाई-फाई



और अनलिमिटेड डाटा जैसी सुविधाएं देनी होंगी। जिला चेयरमैन जितेंद्र मोर ने इस सिस्टम को अव्यवहारिक और सरकार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला बताया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सविता देवी ने की और संचालन जिला सचिव श्याम वीर सिंह ने किया। इस दौरान संघ के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया।

# बार काउंसिल ने बढ़ाया मान, पंकज पाराशर को मिला को-ऑप्टेड सदस्य का दायित्व

**Faridabad/Alive News**

जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज पाराशर को पंजाब हरियाणा बार काउंसिल का को-ऑप्टेड मेंबर चुने जाने पर अधिवक्ता समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई।

इस अवसर पर उनके साथियों ने उन्हें मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बार काउंसिल के जनरल सेक्रेटरी सुरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा, कंवर दलपत, पूर्व प्रधान संजीव चौधरी, वर्तमान प्रधान राजेश बैंसला, उप प्रधान आशीष कौशिक पूर्व बार काउंसिल चेयरमैन ओपी शर्मा, अशोक मित्तल, पीके मित्तल, निबरास अहमद, आनंद भारद्वाज सहित अनेक अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। अधिवक्ताओं का कहना था कि पंकज पाराशर का अनुभव और नेतृत्व क्षमता



काउंसिल के लिए लाभकारी साबित होगी। वहीं पंकज पाराशर ने विश्वास दिलाया कि वे अधिवक्ता हितों की रक्षा और न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सदैव सक्रिय रहेंगे।

इस अवसर पर पूर्व जनरल सेक्रेटरी संदीप पाराशर और पूर्व सेक्रेटरी पवन पाराशर, एडवोकेट आर सी पाराशर भी मौजूद रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : मेयर

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से संबंधित मुद्दों एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा और सशक्तिकरण के उद्देश्य से नगर निगम के पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेणु भाटिया ने की। इस मौके पर नगर निगम मेयर प्रवीण जोशी और पार्षदगण मौजूद रहे।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेणु भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के हितों की रक्षा करना और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को दूर करना केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के




लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम स्तर पर पार्षदों की भूमिका सबसे अहम होती है, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े होते हैं और जमीनी स्तर पर महिला संबंधी समस्याओं को सबसे पहले समझने और समाधान कराने में सक्षम होते हैं। उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में स्थित स्कूलों में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें, ताकि बच्चों को शुरू से ही महिला सुरक्षा, लैंगिक समानता और कानूनों की जानकारी मिल सके।

उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग और नगर निगम प्रशासन इस कार्य में पार्षदों को हर संभव सहयोग देगा। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक माहौल बनाने के साथ-साथ महिलाओं और युवाओं को आत्मविश्वास भी प्रदान करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि पार्षद, स्कूल और समाज मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगे तो महिलाओं के सामने आने वाली कई चुनौतियां स्वतः ही दूर होंगी और हरियाणा एक सुरक्षित एवं सशक्त राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।नगर निगम मेयर प्रवीण जोशी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और अधिकारों की रक्षा के लिए नगर निगम और प्रशासन द्वारा ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। यदि किसी महिला के साथ उत्पीड़न, भेदभाव या हिंसा जैसी कोई भी घटना घटती है तो तुरंत संबंधित विभाग और हरियाणा राज्य महिला आयोग से संपर्क किया जाना चाहिए, ताकि पीड़िता को समय पर न्याय मिल सके।

मेयर प्रवीण जोशी ने हरियाणा राज्य महिला आयोग और सभी पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की बैठक महिलाओं के हितों को मजबूत करने और उनके लिए सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। मेयर ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से फरीदाबाद सहित पूरे प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की जा सकती है।

# गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बालिका सुरक्षा हेतु आयोजित किया विशेष अभियान

**Faridabad/Alive News**

सराय ख्वाजा के गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी में जूनियर रेड क्रॉस एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के प्रेरक मार्गदर्शन में छात्राओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्गा शक्ति महिला पुलिस दल ने विद्यालय का दौरा किया और छात्राओं से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर महिला पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से विद्यालय के आस पास के ऐसे स्थानों के बारे में जानकारी ली जहां वे स्वयं को असुरक्षित महसूस करती हैं। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने छात्राओं से अपने अनुभव साझा करते हुए उन क्षेत्रों का उल्लेख किया जहां असामाजिक




तत्व टिप्पणियां करते हैं या जहां पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से असुविधा होती है। महिला पुलिस अधिकारियों ने इन सभी सुझावों और चिंताओं को गंभीरता से नोट किया और भरोसा दिलाया कि आवश्यक सुधारात्मक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे। उन्होंने छात्राओं को विश्वास दिलाया कि उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है और प्रशासन इस दिशा में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने यह भी संदेश दिया कि छात्राओं को आत्मविश्वास, सजगता और साहस के साथ आगे बढ़ना चाहिए । इस अवसर पर दीपांजली शर्मा, पी जी टी शारीरिक शिक्षा ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बालिकाओं को मात्र शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें सुरक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनाना है। वे निरंतर इस प्रकार के कार्यक्रमों में सहयोग करती हैं और छात्राओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती हैं।

प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और विद्यालय परिवार तथा पुलिस प्रशासन के सहयोग से ही सुरक्षित वातावरण का निर्माण संभव है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के सार्थक कार्यक्रमों से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और समाज में महिला सुरक्षा व सम्मान की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। विद्यालय प्रशासन भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित है उन्होंने नवरात्रों के पावन अवसर पर सभी अध्यापकों, पुलिस प्रशासन, विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए बालिका सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सामूहिक रूप से कार्य करने की आवश्यकता और अलर्ट रहने का संदेश दिया।

# सिविल अस्पताल फरीदाबाद में सेवा पखवाड़ा, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन पर हुआ विशेष प्रशिक्षण

**Faridabad/Alive News**

उपायुक्त फरीदाबाद के निर्देशानुसार सिविल अस्पताल में सेवा पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. जयंत आहूजा ने किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स दिए और 2011 में पर्वतीया कॉलोनी में हुई दवाई दुर्घटना का उदाहरण भी बताया। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन डॉ. एम.पी. सिंह ने नर्सिंग स्कूल की छात्राओं और अस्पताल स्टाफ को हॉस्पिटल मैनेजमेंट, ट्राएज और आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने 'डक, कवर और होल्ड' का अभ्यास भी कराया। डॉ. सिंह ने कहा कि जागरूक व्यक्ति अपनी और दूसरों की सुरक्षा कर सकता है। उन्होंने युद्धकालीन सुरक्षा अभियानों जैसे ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन शील्ड और ब्लैकआउट का जिक्र करते हुए जागरूकता पर जोर दिया।

इस मौके पर डिप्टी सीएमओ



डॉ. राम भगत ने सीपीआर पर जानकारी दी, पीएमओ डॉ. सतीश ने मास कैजुअल्टी हैंडलिंग के बारे में बताया। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. रवि गौड़ ने ट्राएज की जानकारी दी और 2012 में फरीदाबाद ट्रेन हादसे का उदाहरण साझा किया। डॉ. अभिषेक पाराशर ने एनेस्थीसिया पर और डॉ. चारू ने आपातकालीन लेवल्स पर जानकारी दी। फायर विभाग के अधिकारियों ने बहुमंजिला इमारतों में आग लगने पर बचाव और आग बुझाने के तरीकों का डेमोंस्ट्रेशन किया। कार्यक्रम में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की भी अहम भूमिका रही।

# स्मार्ट रोड बनी मुसीबतः करोड़ों खर्च के बाद भी लापरवाही से हालात बदहाल

**Faridabad/Alive News**

नेशनल हाईवे के बड़खल चौक से बाईपास रोड तक बनाई गई स्मार्ट रोड की हालत इन दिनों बद से बदतर हो चुकी है। करोड़ों रुपये की लागत से बनी यह सड़क आज लापरवाही और देखरेख के अभाव के कारण लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। स्थानीय निवासियों और सेक्टर-28 आरडब्ल्यूए ने जिम्मेदार विभागों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

ग्रीन बेल्ट बनी कूड़े का ढेर

आरडब्ल्यूए का कहना है कि ग्रीन बेल्ट में सीवर का गड्ढा खोदने के बाद उसे बंद नहीं किया गया। अब यह गड्ढा बड़ा खतरा बना हुआ है। इसके अलावा ग्रीन बेल्ट की साफ-सफाई और देखरेख बिल्कुल नहीं हो रही है, जिसकी वजह से यह जगह धीरे-धीरे कूड़े के ढेर में तब्दील हो रही है।

**टूटी ग्रिल और अंधेरा बना खौफ का कारण**

स्मार्ट रोड पर बनाए गए साइकिल ट्रैक की दोनों ओर लगी ग्रिल टूट चुकी है। कई जगहों पर इन्हें तोड़कर पटक दिया गया है। वहीं, शाम ढलते ही ग्रीन बेल्ट एरिया पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता है, क्योंकि यहां स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व नशा करते हैं, जिससे आसपास के परिवारों और राहगीरों में डर का माहौल रहता है।

**स्वच्छता सेवा पखवाड़ा भी दिखा ढीला**

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक



जिले में चलने वाले 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' अभियान की शुरुआत जिला प्रशासन ने बड़े जोश के साथ



की थी, लेकिन चार दिन बाद ही यह अभियान ठंडा पड़ता नजर आ रहा है। नतीजा यह है कि स्मार्ट सिटी की स्मार्ट रोड की स्थिति ठीक नहीं है।

आरडब्ल्यूएकेलोगों ने बताया कि सड़क पर कई जगह 15-15 फुट के मैनहोल खुले पड़े हैं। मिट्टी और गंदगी से भरा साइकिल ट्रैक भी किसी काम का नहीं रह गया है। प्रशासन की यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है।

**क्या कहना आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों का**

आरडब्ल्यूए सेक्टर-28 के संरक्षक एच एस मलिक ने जिला प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि तुरंत ग्रीन बेल्ट और स्मार्ट रोड की साफ-सफाई, लाइट की व्यवस्था की जाये और टूटे हुए हिस्सों की मरम्मत कराई जाए। साथ ही, खुले पड़े मैनहोल को तुरंत बंद किया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर चलाये स्वच्छता पखवाड़े ने एनआईटी के वार्डों में तोड़ा दम, निगमायुक्त का वार्ड अभियान भी कागजों और अखबारों की सुर्खियों तक सीमित

**Faridabad/Alive News**

फरीदाबाद नगर निगम के वार्ड नंबर-11 के लोगों को इन दिनों सीवर जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गली में सीवर का गंदा




पानी भरा रहता है और नालियां ओवरफ्लो होने से गंदगी घरों के बाहर तक फैल चुकी है। इस वजह से स्थानीय लोगों को न केवल आवाजाही में परेशानी हो रही है बल्कि गंभीर बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है।

दूसरी तरफ निगमायुक्त लगातार पिछले दिनों सभी वार्डों में दौरा कर समस्याओं की जानकारी ले रहे थे और अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए भी निर्देश दे रहे थे। निगमायुक्त अब वार्डों में समस्या देखने नहीं जा रहे है और न ही समस्याओं का समाधान हो रहा है। इसके अलावा प्रशासन ने हाल ही में जिले भर में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 15 दिन का 'स्वच्छता पखवाड़ा' अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन दोनों ही कार्यक्रम कागजो और समाचार पत्रों की खबरों तक सीमित होकर रह गये है। इन दोनों अभियानो की हकीकत देखनी है तो एनआईटी विधानसभा के वार्ड-9, 10 और 11 में देखी जा सकती है। हालांकि एक अभियान को सरकार ने शुरू किया था और दूसरे अभियान को शुरू करने वाले खुद नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा है। नगर निगम कमिश्नर हर वार्ड में जनसमस्याओं और रुके हुए विकास कार्यों की मॉनिटरिंग कर उनको गति देना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर समस्याओं का समाधान कराना था।

दरअसल, इस लापरवाही से साफ है कि स्वच्छता अभियान के दावों के बावजूद हकीकत जमीनी स्तर पर बिल्कुल अलग है। नगर निगम आयुक्त ने हाल ही में घोषणा की थी कि वह हर दिन शहर के अलग-अलग वार्डों का दौरा करेंगे और समस्याओं का समाधान करेंगे। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान भी चलाया जा रहा है, लेकिन वार्ड 11 की स्थिति देखकर लगता है कि यहां न तो अभियान का कोई असर हुआ और न ही अधिकारियों की नजर पड़ी है। सवाल उठता है कि क्या वार्ड 11 फरीदाबाद का हिस्सा नहीं है। अगर नगर निगम का अभियान हर वार्ड में चलना था, तो फिर यहां की समस्या अब तक क्यों नहीं सुलझाई गई।

हालांकि वार्ड नंबर-11 की कई गलियों में जगह-जगह कीचड़ और गंदे पानी के कारण बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई घरों के बाहर गंदा पानी भरने के कारण लोगों का अपने ही घर में प्रवेश करना मुश्किल हो रहा है। लोग इसी गंदगी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गर्मी और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रमण बीमारी होने का खतरा बना



हुआ है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल सीवर की सफाई कराने और स्थायी समाधान की मांग की है।

**क्या कहना स्थानीय निवासियों का**

÷हम गंदगी से परेशान हैं, लेकिन अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं। अगर समस्या जल्द हल नहीं हुई तो हमें विरोध प्रदर्शन करना पड़ेगा। लोग बीजेपी के पार्षद को वाट देकर अब पछता रहे है। मैने चुनाव में ही कहा था कि ये फ्लाईट से आने वाले नेता वार्ड का विकास नहीं कर सकते।'

**– सतीश चंदीला, स्थानीय निवासी डबुआ-गाजीपुर रोड।**

'ये सब सिर्फ दिखावा है, अधिकारी आते हैं फोटो खिंचवाते हैं और चले जाते हैं। असल में जनता की समस्याओं से किसी को लेना-देना नहीं है। ये सब राजनीतिक ड्रामा है। चुनाव के समय वादे किए जाते हैं, लेकिन हमारी गली आज भी गंदगी से भरी हुई है। क्या वार्ड 11 फरीदाबाद का हिस्सा नहीं है।'

**– ममता, स्थानीय निवासी डबुआ कॉलोनी।**

**क्या कहना है अधिकारी का**

आपके माध्यम से मुझे इस समस्या की जानकारी मिली है। जेई को मौके पर भेजकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा।

**– सतपाल, कार्यकारी अभियंता नगर निगम।**

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# थाना सराय ख्वाजा और अपोलो क्लीनिक ने मिलकर किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**Faridabad/Alive News**

'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत थाना सराय ख्वाजा पुलिस टीम और अपोलो क्लीनिक सेक्टर-37 ने संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में थाना पुलिसकर्मियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। थाना प्रभारी ने इस मौके पर कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अपोलो क्लिनिक की टीम ने पुलिसकर्मियों के उत्साह की सराहना करते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने का संदेश दिया।

# डायनेस्टी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर कार्यक्रम

**Faridabad/Alive News**

फरीदाबाद के डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर सद्भाव, करुणा और सह-अस्तित्व जैसे मूल्यों पर चर्चा की। स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन वर्मा ने कहा कि शांति की शुरुआत हर इंसान के भीतर से होती है और यह परिवारों, समाज और राष्ट्रों को मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि स्कूलों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को सहिष्णुता, सहानुभूति और समावेशिता जैसे गुणों से परिचित कराएं। प्रधानाचार्य ने कहा कि हर बच्चा दयालुता को अपनाकर समाज में शांति का दूत बन सकता है और एकता की राह दिखा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल में आक्रामकता और क्रोध प्रबंधन



पर कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं, ताकि छात्र अपनी भावनाओं को सही तरीके से नियंत्रित करना सीखें। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे छात्रों को आशा, न्याय और सद्भाव पर आधारित भविष्य बनाने के लिए मार्गदर्शन करें। साथ ही, समाज से अपील की कि सभी लोग मिलकर वैश्विक स्तर पर शांति और एकजुटता की भावना को मजबूत करें।

# फरीदाबाद में एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन ड्राइव की शुरुआत, सेवा सप्ताह के तहत हुआ शुभारंभ

**Faridabad/Alive News**

सेवा सप्ताह के अंतर्गत फरीदाबाद में एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन ड्राइव की शुरुआत की गई। इस मौके पर मेयर कैंप ऑफिस में एक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता नगर निगम फरीदाबाद की महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने की। बैठक में नगर निगम पार्षद मनोज नासवा, एमओएच डॉ. नितेश, आईएमए फरीदाबाद के अध्यक्ष डॉ. राजीव गुम्बर, सचिव डॉ. अनुज धिंगरा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित हसीजा, पीएफए संगठन के प्रतिनिधि, वेटनरी डॉक्टर, पब्लिक हेल्थ कंसल्टेंट्स और नगर निगम अधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) ने नगर निगम के साथ मिलकर सामुदायिक कुत्तों को रेबीज से बचाने के लिए वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया। इसका उद्देश्य फरीदाबाद को रेबीज मुक्त शहर बनाना है। महापौर ने अपील की कि - 'आइए हम सब मिलकर फरीदाबाद को रेबीज मुक्त बनाने का संकल्प लें, आवारा पशुओं की देखभाल करें और सामुदायिक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखें।'




# सेवा पखवाड़ा के दौरान एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**Faridabad/Alive News**

भारत सरकार की 2025 तक टीबी मुक्त भारत की मुहिम को सफल बनाने के प्रयासों से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राष्ट्रीय मुख्यालय एवं हरियाणा राज्य शाखा के संयुक्त तत्वावधान में जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के अध्यक्ष विक्रम सिंह के निर्देशानुसार एवं सचिव बिजेंद्र सौरोत के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद और विक्टोरा फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय टी बी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन अम्बेडकर भवन भीम बस्ती सेक्टर 18 ओल्ड फरीदाबाद में किया गया। इस शिविर में 350 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गयी साथ ही 60 तपेदिक रोगियों को विशेष पोषाहार वितरण किया गया ।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि महेश जोशी महासचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ हरजिंदर सिंह, उप सिविल सर्जन फरीदाबाद द्वारा शिविर का विधिवत तरीके से शुभारंभ किया ।

मुख्य अतिथि महेश जोशी, महासचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार का मुख्य उद्देश्य देश को टीबी मुक्त करना है। प्रधानमंत्री का विजन एक स्वस्थ भारत का निर्माण करना है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य जांच शिविरों एवं स्क्रीनिंग कैंपों के माध्यम से लोगों में टीबी जैसी बीमारी का पता चलता है जिसका समय रहते इलाज कराने में मदद मिलती है।

विशिष्ट अतिथि डॉ हरजिंदर सिंह, उप सिविल सर्जन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत इस शिविर का आयोजन किया गया 7 टीबी रोग के निदान के लिए बी के अस्पताल में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। मरीज को टीबी के लक्षण हों तो तुरंत जांच कराएं।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने बताया कि रेडक्रॉस के उद्देश्य स्वास्थ्य-सेवा-मित्रता को मद्देनजर रखते हुए इन




शिविरों का आयोजन किया गया है7 तपेदिक की बीमारी बहुत ही खतरनाक बीमारी है जिसका कोई लाइलाज नहीं है इस बीमारी से सफल इलाज यही है कि पौष्टिक आहार ले और समय-समय पर अपनी जांच कराये। सविता भुटानी स्वास्थ्य अधिकारी ने तपेदिक बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग एक खतरनाक संक्रामक रोग है सही समय पर इसका इलाज नहीं होने पर यह जानलेवा हो सकती है। इसलिए अपने आप को इस बीमारी की चपेट में आने से बचाने के लिए आपको इसके बारे में पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है। जिससे आप खुद व अपने परिवार को इस जानलेवा रोग की चपेट में आने से बचा सकें। शिविर में उपस्थित रेड क्रॉस आजीवन सदस्य तथा समाजसेवी प्रताप सिंह द्वारा अपने संबोधन में बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने, संभावित स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र पता लगाने और समुदाय के लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। हम सभी इन शिविरों के माध्यम से उन लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते है, जो महंगी जांचें या परामर्श तक पहुंच नहीं पाते हैं। सचिन शर्मा पार्षद वार्ड नंबर 35 द्वारा बताया गया कि इन शिविरों के माध्यम से सामान्य शारीरिक परीक्षण, नियमित जांच और शरीर की सभी प्रमुख प्रणालियों की समीक्षा के माध्यम से उनकी बीमारियों की जांच की जाती है। स्वस्थ आहार और नियमित शारीरिक गतिविधि के महत्व पर जोर दिया गया है। जिन लोगों में कोई विकार पाया जाता है उनका तदनुसार इलाज किया जाता है और आगे के चिकित्सा उपचार या सलाह और नियमित अनुवर्ती कार्रवाई के बारे में सलाह दी जाती है।

मधु भाटिया ज़िला तपेदिक समन्वयक ने तपेदिक की बीमारी से बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि तपेदिक की बीमारी पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लडने में लहसुन कारगार होता है। रोगाणुरोधी गुण से भरपूर लहसुन, प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बढ़ावा दे सकता है। पुदीने में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो तपेदिक से प्रभावित ऊतकों के उपचार में मददगार साबित हो सकते हैं इसी के साथ आंवला भी लेना चाहिए आंवले में जीवाणुरोधी गुण होते हैं।

इस शिविर के सफल आयोजन में डॉ बी आर अम्बेडकर सोशल जस्टिस फाउंडेशन के प्रधान पुनीत गौतम ,डॉक्टर आर एस सैनी, एम डी (मेडिसिन) डॉ एल एस प्रेमी, प्रोजेक्ट मैनेजर सुशील कुमार, डॉ साहिल देशवाल, डॉ रविता, डॉ जयपाल, डॉ राकेश, रोहतास कुमार, धर्मेंद्र, तेजराम कार्यक्रम समन्वयक सम्भार्य फाउंडेशन , टी बी अलर्ट सोसाइटी से रिया शर्मा , प्रेम, रानी, परवीन,रामकिशोर,युवराज, सुमित आदि ने सहयोग किया। इस जांच शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ सेक्टर 18 की सरकारी अस्पताल की टीम ने भी सहयोग किया।

# बिना परमिशन मीट बेचने वालों पर निगम सख्त, 3 दिन में बंद करनी होंगी दुकानें

**Faridabad/Alive News**

नगर निगम फरीदाबाद ने शहर में बिना अनुमति चल रही मीट की दुकानों पर कड़ा रुख अपनाया है। निगम ने साफ कहा है कि जिन दुकानों के पास लाइसेंस नहीं है, उन्हें तुरंत बंद करना होगा। निगम ने मीट विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि 3 दिन के भीतर दुकानें बंद नहीं कीं तो सीधे सीलिंग की कार्रवाई होगी। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के निर्देश पर स्वास्थ्य




विभाग ने अभियान शुरू कर दिया है। निगम की टीमों ने दुकानदारों को निर्देश दिया है कि वे नियमों के तहत लाइसेंस लेकर ही कारोबार करें। जिन दुकानों और रेहड़ियों पर बिना परमिशन मीट बेचा जा रहा था, वहां पहले भी सीलिंग की कार्रवाई की गई थी और यह आगे भी जारी रहेगी। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नीतीश परवाल ने कहा कि बिना लाइसेंस कोई भी मीट की दुकान या स्टॉल चलने नहीं दिया जाएगा। अवैध मीट कारोबार पर पूरी तरह रोक रहेगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त दुकानों से ही सामान खरीदें और कहीं अवैध दुकान दिखे तो निगम को सूचना दें। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलते रहेंगे।

# आधी अधूरी एवम कंप्लीट टी एंड पी किट न देने पर सर्कल के तमाम कर्मचारियों में भारी रोष

**Faridabad/Alive News**

आज शनिवार को कर्मचारियों की समस्याओं को जानने हेतु यूनियन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के पदाधिकारी नहरपार की सबडिवीजन छांयसा पहुंचकर अपने कर्मचारी नेताओं का फूल मालाओं व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया ।

एचएसईबी वर्कर यूनियन के इस कार्यक्रम को सब डिवीजन छांयसा के प्रधान जगदीश चंद व सचिव दिगम्बर मलिक दवारा आयोजित किया गया साथ ही मंच का संचालन ग्रेटर फरीदाबाद यूनिट के उपप्रधान दिगम्बर लाम्बा ने किया । इस कार्यक्रम के दौरान दरी पर मौजूद छांयसा के कर्मचारियों की समस्याओं को सुना व लिखा गया जिसके बाद नव नियुक्त सर्कल



सचिव विनोद शर्मा ने अपने संबोधन में कर्मचारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि फरीदाबाद सर्कल के मेरे एक एक तकनीक कर्मचारी को पूर्ण टी एंड पी किट यानी सम्पूर्ण उपकरण जो बिजली के फाल्ट को ठीक करने में उपयोग किये जाते हैं जिनकी कर्मचारियों को जरूरत है । फरीदाबाद बिजली निगम के अधिकारियों से कर्मचारियों दवारा टी एंड पी किट मांगने पर एक एक दो दो किट पकड़ाते हुए खाना पूर्ति की जाती है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के लिये पूरी और सम्पूर्ण किट दिलाने का काम यूनियन करेगी, इसके साथ - साथ सभी सब यूनिट के सचिव महोदय अपने दफ्तरों से एसडीओ के मार्फ़त डिमांड चार्टर पत्र लिखित रुप में देने का काम करें ताकि कर्मचारियों की दैनिक समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जा सके । इस दौरान ग्रेटर फरीदाबाद यूनिट के प्रधान सुनील चौहान व उनके सचिव रवि दत्त शर्मा सहित पूरी ग्रेटर फरीदाबाद यूनिट के सभी सदस्य इस कार्यक्रम में मौजूद रहे ।

# ईवीएम वेयरहाउस को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने के दिये निर्देश

**Faridabad/Alive News**

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने शुक्रवार को फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ नगराधीश अंकित कुमार व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रखरखाव को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रैमासिक रूटीन प्रक्रिया के अंतर्गत फरीदाबाद स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम मशीनों की स्थिति की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य जिलों में ईवीएम वेयरहाउस की व्यवस्था की जांच करना है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी की संभावना से बचा जा सके।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस की समुचित निगरानी एवं रखरखाव सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचा जा सके। उन्होंने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच की और उनकी सख्त निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीसी ने वेयरहाउस में अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की और उनकी स्थिति को संतोषजनक बताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन उपकरणों की समय-समय पर कार्यक्षमता की जांच अवश्य की जाए। इस अवसर पर भाजपा से अश्विनी गुलाटी, सीपीएम पार्टी से वीरेंद्र सिंह डंगवाल, बीएसपी पार्टी से कमल दत्त और कांग्रेस पार्टी से दीपक शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ट्रांसजेंडर समुदाय की सक्रिय भागीदारी ने बढ़ाई कार्यक्रम की गरिमा

**Faridabad/Alive News**

उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह के निर्देशानुसार और जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिखा अंतिल के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत शुक्रवार को जिला परिषद द्वारा एक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाना और समाज के हर वर्ग की समान भागीदारी को सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर ट्रांसजेंडर स्वयं सहायता समूह एवं ट्रांसजेंडर समुदाय की सक्रिय उपस्थिति ने न केवल कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया बल्कि समाज में एकता, समावेश और सहयोग का सशक्त संदेश भी दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। जब तक




समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी नहीं होगी, तब तक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की कल्पना करना कठिन है। इस अवसर पर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ ट्रांसजेंडर समुदाय की उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता अभियान सबका है और इसमें सभी की बराबर की भूमिका है। स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि यह समुदाय को शिक्षित करने और जागरूक बनाने का एक प्रभावी माध्यम बना। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि साफ-सुथरा वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह समाज की प्रगति और सकारात्मक छवि के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छता से कई प्रकार की बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है और यह सीधे तौर पर स्वास्थ्य व्यवस्था पर दबाव को कम करता है। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग को त्यागने की शपथ रहा। उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे। यह शपथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह न केवल धरती की उर्वरता को प्रभावित करता है, बल्कि जल स्रोतों और समुद्री जीवन पर भी गहरा असर डालता है। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि यदि हम सब मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें, जैसे कपड़े या जूट के बैग का इस्तेमाल, तो बड़ी समस्या को आसानी से हल किया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने यह वादा किया कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे और प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त वातावरण बनाने में योगदान देंगे। ट्रांसजेंडर समुदाय की भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी और समावेशी बना दिया।

इस अवसर पर हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवम् तिवारी, रेडक्रास से पुरुषोत्तम, पहल फाउंडेशन से यादवेंद्र, मकसूम संस्था से लीजा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल की सराहना की।

# फरीदाबाद में आयोजित मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा सरकार द्वारा श्रमिक सेवा एवं जागरूकता पखवाड़ा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े को सफल बनाने के उद्देश्य से हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा 18 एवं 19 सितंबर को मंडल स्तरीय औद्योगिक श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन सेक्टर-12, फरीदाबाद स्थित खेल परिसर में किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में फरीदाबाद मंडल के लगभग 32 उद्योगों एवं संस्थानों से जुड़े 700 से अधिक श्रमिकों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें रस्साकशी (महिला एवं पुरुष वर्ग), कबड्डी (महिला एवं पुरुष वर्ग), वॉलीबॉल स्मैशिंग (पुरुष वर्ग) एवं वॉलीबॉल शूटिंग जैसी प्रतिस्पर्धाएं शामिल थीं। प्रतियोगिता में शाही एक्सपोर्ट्स प्लॉट नं. 1 सेक्टर-28 फरीदाबाद की टीम ने महिलाओं की रस्साकशी में शानदार प्रदर्शन दिया



वहीं एचपीएल एडिटिव पलवल ने पुरुष वर्ग की रस्साकशी में जीत हासिल की। जेसीबी इंडिया प्रा. लि. फरीदाबाद ने कबड्डी (पुरुष वर्ग) में और शाही एक्सपोर्ट्स, मथुरा रोड फरीदाबाद ने कबड्डी (महिला वर्ग) में अपना दबदबा बनाए रखा। इसी प्रकार ओरिएंट इलेक्ट्रिक सेक्टर-6 फरीदाबाद ने वॉलीबॉल स्मैशिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जबकि एचपीएल एडिटिव लिमिटेड पलवल ने वॉलीबॉल शूटिंग में जीत दर्ज की। इसके अतिरिक्त एथलेटिक प्रतियोगिताओं में पुरुष वर्ग में बीसीएच इलेक्ट्रिक प्रा. लि. और महिला वर्ग में साता विकास, पलवल की प्रतिभागियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजन समिति ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं श्रमिकों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के साथ-साथ उनमें टीम भावना और खेलों के प्रति उत्साह को भी बढ़ावा देती हैं।

Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448